## एक झलक

### रेल से कट कर नगड़ी निवासी संजय केसरी की मौत

**पिस्का नगड़ी** : नगड़ी थाना क्षेत्र के पिस्का रेलवे स्टेशन के समीप रविवार शाम ट्रेन से कटने से मौत हो गयी। रविवार शाम रांची से दिल्ली जा रही राजधानी एक्सप्रेस से कटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। आदमी की पहचान नगड़ी के केसरी मुहल्ला निवासी संजय केसरी (55)के रूप में हुई। संजय केसरी मोटरसाइकिल में घूम घूम कर पान मशाला बेचता था। सूचना मिलते ही रेलवे के अधिकारी और नगड़ी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गयी। नगड़ी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

### बेड़ो के बरटोली गांव में वज्रपात से गाय की मौत

**बेड़ो** : प्रखंड के नेहालु बरटोली गांव में सोमवार की अपराह्न लगभग साढ़े चार बजे गांव के सिबा उरांव के एक गाय की वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी। गाय पेड़ के नीचे वर्षा से बच रही थी। इसी दौरान अचानक के वर्षा के बीच तेज चमक के साथ अचानक वज्रपात हो गया। जिससे गाय वज्रपात की चपेट में आ गई। जिससे घटना स्थल पर ही गाय की मौत हो गई। वज्रपात की घटना के बाद घटना स्थल पर अफरा तफरी मच गया।इधर घटना की जानकारी मिलने पर पंचायत के मुखिया वीरेंद्र भगत ने अंचलाधिकारी व पशुपालन पदाधिकारी से भुक्तभोगी को प्राकृतिक आपदा के तहत मुआवजा देने की मांग की है। किसान सिबा उरांव का कहना है कि गाय की मौत से बहुत नुकसान हो गई है।

### प्रमोद प्रसाद गुप्ता बने पुन: लोकहित अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष

**रांची** : लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड प्रदेश नेतृत्व के द्वारा पिछले दिनों 13 जून को मोराबादी स्थित संस्कार होटल में पार्टी का समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश और जिला कमेटी को भंग करने का निर्णय लिया गया था। जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद के कुशल नेतृत्व में पिछले 1वर्ष के कार्यकाल में गांव-गांव न्याय यात्रा और रांची लोकसभा चुनाव सहित पार्टी संगठन के निमित्त पार्टी के नीति सिद्धांतों को गांव-गांव तक ले जाने का सफल प्रयास को देखते हुए पार्टी ने फिर एक बार प्रमोद प्रसाद गुप्ता जी को रांची जिला अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। पुन: जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर प्रमोद प्रसाद गुप्ता जी को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सह कांके विधानसभा प्रभारी मुकुल नायक, पूर्व कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपूजन ठाकुर, कार्यकारी पूर्व अध्यक्ष गणेश साहू, अंजू लिंडा, संजय लोहरा,जिला संयोजक जुल्फान अंसारी, जिला कार्य समिति सदस्य धनंजय कुमार, नगड़ी प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार, मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति द्वारा प्रमोद प्रसाद जी को माला पहनकर नए कार्यकाल के लिए शुभकामना के साथ बधाई दिए।

# बकरीद का त्योहार शांति, सौहार्द व उल्लासपूर्ण वातावरण में सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला** : गोला प्रखंड क्षेत्र के गोला, सोसो कलां, मगनपुर, बेटुल, चाड़ी, हुप्पु, बंदा, खोखा, मुरपा, कुसुमडीह, बरियातू, साडम, तिरला, जांगी इत्यादि मुस्लिम बहुल इलाकों में बकरीद का त्यौहार शांति, सदभाव एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। लोग सुबह से ही विभिन्न ईदगाहों में बकरीद की नमाज अदा करने निकले। इसमें बच्चों एवं नौजवानों में काफी उत्साह देखा गया। ईदगाहों में नमाज अदा करने के बाद सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। साथ ही देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा, सांप्रदायिक सद्भावना और देश की तरक्की के लिए दुआएँ की गई। नमाज अदा करने से पहले गाँव के कारी व ईमाम साहब के द्वारा बताया गया कि बकरीद हजरत इब्राहिम अलैहे व सलाम एवं उनके लख्ते जिगर हजरत इस्माइल अलैहे व सलाम की याद में मनाया जाता है। हजरत इब्राहिम अलैहे व सलाम की अजीम सुन्नत है कुबार्नी। उन्होंने कहा कि इस्लाम का अर्थ सही में आज्ञा का पालन, सच्ची वफादारी तथा कुबार्नी मानी जाती है। मौके पर नुरुल्लाह अंसारी, एहतेसामुद्दीन अंसारी, मो अकबर, रियाज अंसारी, अताउल्लाह अंसारी, शमसुल हक, असगर अली, सनौवर अंसारी, इस्माईल अंसारी, मो. शकील अंसारी, मोबीन अंसारी, अशफाक अहमद, समिरूदीन अंसारी, एजाज अहमद, मो. आजम अंसारी, शमीम अंसारी, शाकीर अंसारी, जमाल मुज्तबा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर सम्पन्न हुई बकरीद



**बेड़ो** : त्याग एवं बलिदान का त्यौहार ईद उल अजहा नरकोपी व बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में आपसी भाईचारे व सौहार्द के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में सोमवार को संपन्न हो गया। जहां प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में बकरीद का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह में लोगों ने प्रखंड के केशा, चचकोपी, करांजी, तुको, नरकोपी,पीपर टोली, महरू, घाघरा, हांठू, बिल्टी, केनाभिठा व कादोजोरा गांव स्थित ईदगाहों व मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की और एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। वही पर्व को लेकर शांति व्यवस्था करने के लिए सभी ईदगाहों एवं चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। प्रखंड के गांव एवं अन्य जगहों पर कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना हो इस बात को लेकर सड़कों पर नरकोपी व बेड़ो पुलिस की गश्ती जारी रही।

# झारखंड में भाजपा को पलटनी है बाजी, तो बदलने होंगे मोहरे

## हार को लेकर समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं ने भाजपा नेताओं के समक्ष खुल कर रखी अपनी बात

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**खूंटी** : भाजपा का अभेद्य किला और सबसे सुरक्षित समझे जान वाली खूंटी संसदीय सीट से केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा की करारी हार के बाद इसकी समीक्षा को लेकर कार्यकताओं में रार है। इस लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कालीचरण मुंडा ने अर्जुन मुंडा को लगभग डेढ़ लाख मतों से कड़ी शिकस्त दी थी। खूंटी वही सीट है, जहां से पद्मभूषण कड़िया मुंडा आठ बार सांसद रहे हैं। अब तक हुए 18 लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सर्वाधिक नौ बार जीत दर्ज की है। कांग्रेस को चार बार और पांच बार झारखंड प्रत्याशी को यहां से जीत मिली है। खूंटी जैसी सुरक्षित सीट गंवाने और वह भी केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जैसे कद्दावर नेता की बड़े अंतर से हार के बाद भाजपा नेता हार के कारण ढूंढ रहे हैं। इसी को लेकर भाजपा नेताओं ने विधायक कोचे मुंडा के तोरपा के ममरला स्थित आवास में शनिवार को दिन भर मंथन किया था। खूंटी लोकसभा क्षेत्र में पडने वाले सभी छह विधानसभा क्षेखें तोरपा, खूंटी, सिमडेगा, कोलेबिरा, तमाड और खरसावां कें प्रमुख भाजपा कार्यकताओं को बैठक में बुलाया गया था। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा भेजे गये करीब तीस बिंदुओं पर कार्यकताओं से भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व मंत्री भानु प्रताप शाही ने विधायक कोचे मुंडा, विधाायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक बिमला प्रधान समेत चुनाव प्रभारियों और संयोजकों से हार के कारणों के बारे में जानारी ली। कार्यकताओं ने सभी सवालों का खुलकर जवाब दिया। समीक्षा बैठक के बाद भाजपा के अंदर राजनीतिक माहौल और गरमा गया। पिछले दो दिनो सं भाजपा कार्यकर्ता समीक्षा बैठक के बार में ही चर्चा करते रहे। समीक्षा बैठक को लेकर भाजपा कें समर्पित कार्यकर्ता असंतुष्ट दिखे। कई कार्यकर्ता कह रहे थे समीक्षा बैठक के नाम पर केवल खानापूर्ति की गयी है। कार्यकताओं का कहना था हमने खुलकर हार के कारणों को पार्टी के बड़े नेताओं को अवगतत करा दिया है। कार्यकताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि हार के लिए अपने ही लोग जिम्मेदार हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कार्यकताओं ने बताया कि समीक्षा बैठक में संगठन में बदलाव की मांग हमने की है। नेताओं को स्थानीय कार्यकताओं ने बताया कि संगठन के कई बडे नेता चुनाव के दौरान निष्क्रिय रहे, तो कई नेता पर्दे के पीछे से पार्टी प्रत्याशी को हराने में लगे थे। कार्यकताओं ने कहा कि इस हार से सबक लेते हुए संगठन में बदलाव नही किया गया, तो विधानसभा में स्थिति और विकट हो सकती है।

# आपसी भाईचारगी के साथ मना बकरीद का त्योहार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**मांडर/चान्हो** : मांडर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों के द्वारा पारंपरिक तरीके से आपसी भाईचारगी के साथ बकरीद का त्योहार मनाया गया इस दौरान सुबह से ही विभिन्न गांवों, करकरा, मुडमा, सुरसा, कनभीठा, करगे, मांडर, तिगोईअंबाटोली, बुढाखुखरा, गोरे, बंझिला, पकरीयो, पंडरी, बलसोकरा, में स्थित मस्जिदों में नमाज अदा किया गया इस अवसर पर पुर्व डी डी सी डॉ परमेश्वर भगत भी बलसोकरा गांव में पहुंचकर सभी लोगों को बकरीद मुबारकबाद दी। वहीं किसी भी प्रकार के अप्रिय स्थिति से निपटने को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा भी चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम किया गया था मांडर व चान्हो थाना की पुलिस विभिन्न चौक चौराहों पर गस्त करते हुए नजर आई, रांची डाल्टेनगंज मुख्य सड़क एन एच39 पर समय समय पर पुलिस के जवान पेट्रोलिंग करते हुए नजर आए।

# अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय सचिव बने दसई किस्कू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**उरीमारी** : सिद्धू-कान्हू चैक उरीमारी में संथाल समाज के द्वारा समाजसेवी दसई किस्कू को अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के मरांग परगना (केंद्रीय सचिव) बनाए जाने की खुशी में फूलमाला पहनना एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद स्वतंत्रता सेनानी सिद्धू कान्हू की आदमकद प्रतिमा का माल्यार्पण कर नमन किया गया। मौके पर दसई किस्कू ने कहा कि रामगढ़ जिलाध्यक्ष संथाल समाज अगुआ विनोद किस्कू की अगुवाई में भारत के अन्य राज्यों से आए प्रतिनिधियों की मौजूदगी में केंद्रीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संथाल समाज के लोग काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। संथाल समाज के सामाजिक, शैक्षणिक, संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष रूप से पूरे देश भर में अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम अभियान चलाएगी तथा समाज के शोषित लोगों के हक अधिकार दिलाने का काम करेगी। संथाल समाज के लोगों ने अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केंद्रीय अध्यक्ष विनोद किस्कू को भी बधाई दिए।

# भक्तिभाव से मंडा पूजा सम्पन्न, उमड़े श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**भुरकुंडा** : देवरिया गांव में सोमवार को मंडा पूजा भक्तिभाव से संपन्न हुई। पूजा में 70 भोक्ता और 90 सोक्ताईन शामिल हुए। मंदिर के पूजारी दिनेश गिरी और पाहन बालेश्वर मुंडा के मार्गदर्शन में पूजा कराई गई। रविवार को भीषण गर्मी में भक्तगणों ने लोटन सेवा की। वहीं सोमवार की अहले सुबह भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर और बनस झूले पर कील के सहारे झूलकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था का परिचय दिया। साथ ही गांव की सुख-समृद्धि और अच्छी बारिश की कामना की गई। अवसर पर रविवार की रात मेले का आयोजन किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चैधरी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह में मुखिया विकास नायक, दिलीप दांगी, बिहारी मांझी, शंकर मांझी, बबलू राम सहित पूजा कमेटी के पदाधिकारी शामिल रहे। मेले में बंगाल से आए छऊ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सोमवार की सुबह पूर्व विधायक निर्मला देवी ने कार्यक्रम का समापन किया। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष हीरालाल मांझी, उपाध्यक्ष राजेंद्र मुंडा, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र महतो, उपकोषाध्यक्ष रोहित मुंडा, संरक्षक रजलाल मुंडा, प्रदीप साहू, बाल गोविंद भुइंया, अनिल यादव, विक्की सहित अन्य ने सराहनीय योगदान दिया।

# कांग्रेस पार्टी पंकज महतो को रामगढ़ विधानसभा से घोषित करे अपना प्रत्याशी : नौशाद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**दुलमी** : दुलमी प्रखंड के प्रियातु गाँव में युवाओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो को आगामी विधानसभा चुनाव में रामगढ़ विधानसभा से पार्टी का प्रत्याशी बनाया जाए ऐसी प्रस्ताव पारित की गई। बैठक में चर्चा की गई कि पंकज महतो लगातार 12 वर्षों से पूरे रामगढ़ एवं आसपास के जिलों में बहुत सारे जन आंदोलन किये है तथा समाज सेवा में उनकी अच्छी भागीदारी रहती है जिसको लेकर आसपास के युवाओं में वो काफी लोकप्रिय भी हैं। वो जात की नहीं जमात की राजनीति करते हैं। इनके द्वारा किए गए कार्य काफी सराहनीय है। वो हमेशा जमीन बचाने को लेकर आंदोलन करते रहते हैं। मौके पर तस्लीम अंसारी, सद्दाम हुसैन, निजाम अंसारी, मकबूल अंसारी, मोदासर अंसारी, एहसान मंत्री, तबारक अंसारी, सलीम अंसारी, प्रिंस आलम, असलम अंसारी, मंजूर अंसारी, आजाद अंसारी, रिकी अंसारी आदि उपस्थित थे।

# विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति बलकुदरा माइंस की करेगी ट्रांसपोर्टिंग ठप




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**भुरकुंडा** : विस्थापित प्रभावित संघर्ष समिति सीसीएल भुरकुंडा कोलियरी की बैठक सोमवार को कुरसे गांव में जयदेव सिंह की अध्यक्षता और मिहिलाल बेदिया के संचालन में हुई। जिसमें विगत 26 फरवरी को सीसीएल प्रबंधन और समिति के बीच हुई वार्ता की समीक्षा की गई। इस दौरान कहा गया कि प्रबंधन ने बलकुदरा खुली खदान में काम कर रही कंपनी में प्रभावित राजस्व ग्राम के 20 बेरोजगारों को रोजगार देने की बात कही थी। लेकिन प्रबंधन अपने वादे को अबतक पूरा नहीं किया है। इसके साथ ही प्रबंधन ने विभिन्न मांगों को लेकर अप्रैल माह में समिति के साथ वार्ता करने का आश्वासन दिया था। जिसे अबतक पूरा नहीं किया गया। बैठक में समिति ने निर्णय लिया कि सभी मांगों को लेकर आगामी 26 जून को सीसीएल की बलकुदरा खुली खदान में कोयले का संप्रेषण ठप कराया जाएगा। समिति की 12 सूत्री मांगों में प्रभावित राजस्व गांव के 20 लोगों को रोजाना सुनिश्चित करने, भुरकुंडा में खुल रहे लोकल सेल में राजस्व ग्राम के बेरोजगार रेयतों को न्यायोचित भागीदारी सुनिश्चित कर लोकल से अविलंब खोलने, लोकल सेल में पेलोडर की बजाय मैनुअल लोडिंग की व्यवस्था करने सहित सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में दी गई मांगे शामिल हैं। बैठक में मुख्य रूप से रामदास बेदिया,धनेश्वर यादव, मनोज मांझी, अनिल सोनी, टिंकू प्रजापति, अजय तुरी, बुलंद बेदिया, विनोद मुंडा, योगेंद्र मुंडा, अजय बेदिया, सुरेंद्र तुरी, बिनोद प्रजापति, सन्नी बेदिया, सोमर यादव, गणेश तुरी, मनु करमाली, सुनील यादव, पंकज सिंह, सुनील तुरी, संजय बेदिया,अर्जुन तुरी, विक्की प्रजापति, कैलाश बेदिया, दीपक तुरी सहित कई उपस्थित थे।

# नि:शुल्क शिक्षा संस्थान में मनाया गया वार्षिक महोत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**पिस्का नगड़ी** : नि:शुल्क शिक्षा संस्थान सबशीला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में वार्षिक महोत्सव मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि और जज थे इंजीनियर श्री देवेश शाक्य। इस शुभ अवसर पर बच्चों ने मुख्य अतिथि का स्वागत प्रारम्पिक संस्कृति से किया। बच्चों ने सर को टिका लगाया आरती उतारा, फूल अक्षत छिड़के और गुलदस्ता दे कर स्वागत गान गा कर स्वागत किया। सर ने फीता काट कर, दिया जला कर और डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर फूल अर्पित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किए। सर जी ने सभी आये हुवे दर्शको और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा दान महादान है। नि:शुल्क शिक्षा के क्षेत्र में सबशीला अच्छा काम कर रही है। सर नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बच्चो को अनेको महापुरुषों के बारे में बताए जिन्होंने पढ़ाई से अपनी और अपने परिवार की भविष्य बदल दी इसलिए मन लगाकर पढ़े और जीवन में आगे बढ़े। और एक प्रेरक कहानी भी सुनाये। वार्षिक महोत्सव के शुभ अवसर पर संगीत, नृत्य और चित्रकला प्रतियोगिता कराया गया जिसमे विजेताओं को प्राइज, मैडल और सर्टिफिकेट दिया गया । साथ साथ सभी प्रतिभागियों को भी प्राइज दिया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुवे संस्थान के डायरेक्टर ईआर रंजीत सर सभी दाताओ को धन्यवाद करते हुवे कहा कि नि:शुल्क शिक्षा कार्यक्रम सभी दाताओ के मदद से चल रहा है जिसमें मुख्य रूप से ग्लोबल वेलफेयर आगेनाईजेशन के प्रेसिडेंट रन्तोष जी, सचिव सोनू कच्छप सर का और एक्कुअल पिक्सल के डायरेक्टर सुमित सोनी , सी ई ओ अक्षय कुमार सर का विशेष योगदान रहा है। और साथ ही सभी बच्चों को रेगुलर क्लास करने व मेहनत करते रहने के लिए प्रेरित किया।

# आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की आक्रामक तैयारी

■ शिवराज सिंह चौहान व हिमंता विस्वा सरमा को क्रमश: प्रदेश प्रभारी व सह प्रभारी किया गया नियुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला** : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जे. पी. नड्डा ने आगामी विधानसभा के चुनाव की तैयारी हेतु चुनाव प्रभारी एवं चुनाव सह प्रभारी की घोषणा कर दी है। आने वाले झारखण्ड विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर भाजपा झारखण्ड प्रदेश के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को प्रदेश चुनाव प्रभारी तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा को प्रदेश सह चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र का उल्लेख करते हुए रामगढ़ भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि झारखंड प्रदेश के लिए उन दोनों के अनुभव से भारतीय जनता पार्टी का आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार का गठन होना तय है। उनकी नियुक्ति से कार्यकताओं में नई उर्जा एवं उत्साह का माहौल है। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला परिवार की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी गई है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, जिले के वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रणंजय कुमार कुंटू, डॉ. संजय कुमार सिंह, प्रो संजय सिंह, इला रानी पाठक, राजू चतुर्वेदी, बलराम महतो, सरिता ठाकुर, आनंद बेदिया, स्नेहलता चौधरी, अखिलेश प्रसाद, प्रो. खिरोधर साहू, रंजन फौजी, राजू कुशवाहा, दिलीप सिंह, रमेश कुमार वर्मा, संजीव कुमार बावला, किरण देवी, वसुध तिवारी, दीनदयाल कुमार, राजीव पामदत्त, संतोष कुमार शर्मा, प्रवीण कुमार सोनू, भीम सेन चौहान, धीरज कुमार साहू, राकेश पंडा, सोनू कुमार शौर्य, लक्ष्मी देवी, अमितेश कुमार सिंह, नमेंद्र चंचल, सन्नी कुशवाहा, विनोद कुमार, कूमेल उरांव, सैयद किरमानी, उमेश प्रसाद, रंजीत पांडेय, विजय जायसवाल, जगेश्वर प्रजापति, महेन्द्र प्रजापति, आलोक कुमार, सुनील कुमार बर्नवाल , वरुण कुमार सिंह, दिनेश प्रसाद, सुखदेब प्रसाद, योगेश दांगी, रोबिन गुप्ता, दीपक सोनकर, शिव कुमार महतो, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मनोज गिरि, बबलू साव, अशोक कुमार, संजय शाह, नरेश कुमार, राजाराम प्रजापति, गणेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, तोकेश सिंह, सतीश मोहन मिश्र, सहदेव ठाकुर, मोहन पांडेय, राजीव जायसवाल, विजय ओझा , सुबोध सिंह सहित जिला के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं ने भी बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जगत प्रकाश नड्डा के प्रति आभार जताया है। उपरोक्त जानकारी भाजपा के जिला मिडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

# कुसियारा में शिव आस्था का पर्व मंडा पूजा धूमधाम से सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**भुरकुंडा** : पतरातू प्रखंड अंतर्गत कुरसे पंचायत के कुसियारा गांव में सोमवार को मंडा पूजा संपन्न हुई। रविवार की रात तकरीबन 150 भोक्ता और सोक्ताईन मंडा पूजा में शामिल हुए। भक्तगणों ने लोटन सेवा कर मंडा पूजास्थल की परिक्रमा कर भगवान शिव और पार्वती की अराधना की। अवसर पर मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि रोशनलाल चैधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक निर्मला देवी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और मुखिया संदीप उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मेले में बंगाल से आए छऊ कलाकारों ने एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं डीजे की धुन पर युवक-युवती देर रात तक झूमते रहे। सोमवार की अहले सुबह भक्तों ने अंगारों पर चलकर और बनस झूले पर झूलकर अपनी कठोर आस्था का परिचय दिया। भक्तों ने भगवान शिव से सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

# ईद-उल-अजहा पर ईदगाहों, मस्जिदों में अदा की गयी नमाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : ईद उल अजहा के अवसर पर राजधानी के ईदगाहों, मस्जिदों में नमाज अदा की गयी। नमाज अदा कर देश और राज्य की खुशहाली, अच्छी बारिश, अमन-चैन के लिए अल्लाह पाक से दुआ की गयी। नमाज अदा करने के बाद सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। इसके बाद अपने-अपने घरों में कुबार्नी दी गयी। बकरीद के अवसर पर एक दूसरे से मिलने का सिलसिला दिन भर चलता रहा। उधर बकरीद को देखते हुए रांची पुलिस भी पूरी तरह से सतर्क रही। रांची के तमाम स्थानों पर आज सुबह 5 बजे से ही पुलिस बल अपनी ड्?यूटी संभाल चुके थे, जो देर रात तक जारी रही। सुबह से मौसम का मिजाज साथ रहा। हल्की धूप में ईदगाहों में नमाज अदा की गई। रांची हरमू ईदगाह में मौलाना डॉ असगर मिस्बाही ने नमाज पढाई, तो डोरंडा ईदगाह में मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली ने नमाज पढ़ाई। हववारी मस्जिद में शहर काजी मुफ्ती कमर आलम कासमी ने नमाज पढ़ाई, तो मस्जिद जाफरिया में मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने नमाज पढ़ाई।

**सोशल मीडिया पर विशेष नजर**

सोशल मीडिया पर भी विशेष नजर पुलिस के द्वारा रखी जा रही है। रांची पुलिस के द्वारा एक दिन पूर्व ही यह संदेश जारी कर दिया गया था कि अगर कोई भी सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**दो हजार पुलिस जवान तैनात**

दो हजार जवान बकरीद को देखते हुए राजधानी के सभी संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल के साथ-साथ ड्रोन की टीम को भी तैनात किया गया है। सभी थाना प्रभारी नमाज के वक्त अपने-अपने इलाकों में भ्रमणशील रहे। बकरीद को लेकर राजधानी रांची में दो हजार पुलिस बलों की तैनाती की गई है। खासकर वैसे ही इलाके जहां बकरीद के समय पूर्व में सामाजिक सौहार्द बिगड़ा था। वहां विशेष निगरानी रखी जा रही है।

**कर्बला चौक में बच्चों के लिए लगा झूला**

ईद और बकरीद पर हर वर्ष कर्बला चौक पर बच्चों के लिए झूला लगता आया है, इस वर्ष भी लगा है। जहां बच्चों का उत्साह देखते बनता है। बड़ों से ईदी लेकर घूमने जाना और झूला पर बैठना बच्चों को बहुत पसंद है।

## स्व. धनवंती देवी की पुण्यतिथि पर श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा में 185 लोगों ने किया भोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पहाड़ी मंदिर रोड स्थित श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वर अन्नपूर्णा सेवा 185 लोगों ने भोजन प्राप्त किया। आज की सेवा स्व० धनवंती देवी की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र नीरज भट्ट, धीरज भट्ट, राजेश भट्ट एवं ममता राय के द्वारा प्रायोजित थी। इस अवसर पर भट्ट परिवार जनों ने स्व. धनवंती देवी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा संचालित पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमी अन्नपूर्णा सेवा केंद्र में 175 लाभुकों ने भोजन प्राप्त किया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा सेवा के संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहां की माता अन्नपूर्णा लोगों को इसी प्रकार सेवा करने की प्रेरणा प्रदान करें और प्रभु की कृपा सदैव इनके परिवार पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए अन्नपूर्णा सेवा निरंतर चलती रहेगी। इस अवसर पर-मारवाड़ी सम्मेलन के जिला अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, प्रमोद अग्रवाल, प्रदीप नारसरिया, संजय सर्राफ,मनोज रुइया, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, बबलू हरित, सांवरमल बुधिया, रमेश बंका सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## जनजातीय भाषाओं में फिल्मों का निर्माण बड़ी उपलब्धि : चम्पाई

**मुख्यमंत्री बोले**

- जनजातीय भाषाओं में फिल्म निर्माण और कलाकारों को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार करेगी पूरा सहयोग




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : राज्य की जनजातीय भाषाओं में फिल्मों का निर्माण बड़ी उपलब्धि है। इसके माध्यम से जनजातीय कलाकारों को अपनी कला दिखाने का बेहतरीन मौका मिल रहा है। जनजातीय भाषाओं में फिल्म निर्माण और कलाकारों को आगे बढ़ाने में राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर के एक्सएलआरआई ऑडिटोरियम में आयोजित तीसरी नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल में ये बातें कहीं। इस अवसर पर उन्होंने जनजातीय कलाकारों को सम्मानित किया और नेशनल हो फिल्म फेस्टिवल के सफल आयोजन के लिए ऑल इंडिया हो एसोसिएशन को बधाई दी। अपनी कला-संस्कृति, भाषा और परम्परा को आगे बढ़ाना है मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान जनजातीय कला-संस्कृति, भाषा और परम्परा से है। हमारी सरकार इसे संरक्षित करने, समृद्ध तरीके से आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता मंत्री, दीपक बिरुवा और जिले के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक समय कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति गठित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल संघ समिति सोमवार को गठित की गई। साथ ही खेलों का प्रशिक्षण सुचारू रूप से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर में पहले की तरह शुरू करने का निर्णय लिया गया। कुछ खेलों का प्रशिक्षण चल भी रहा है। इसके लिए सभी की अनुमति से मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा खेल परिसर खेल संघ की एक समिति का गठन किया गया। इसमें सभी के सहयोग से हमेशा हर सप्ताह किसी न किसी खेल का एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता कराते रहने का निर्णय भी लिया गया। इससे सभी खेल का और खिलाड़ियों का विकास हो सके। बैठक में सभी के सर्वसम्मति से संरक्षक आशुतोष द्विवेदी, अरुण कुमार, राजेंद्र प्रसाद, गोविंद झा, मिथलेश कुमार सिंह, अजय वर्मा, रिंकू वर्मा को बनाया गया है। दीपक वर्मा को अध्यक्ष, गौतम सिंह, गणेश कुमार गुप्ता,नीरज वर्मा, संतु कुमार, आचार्य प्रहलाद, ऋषि केश लाल को उपाध्यक्ष, ब्रजेश गुप्ता को महासचिव, अमरजीत कुमार, अनंत नाग चंदन, चंदन कुमार, पंकज जोसेफ को सह सचिव बनाया गया है। अंश वर्मा को सह सचिव, सचिन लोहार को सह कार्यालय प्रभारी और शमा टोप्पो को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

## फरवरी में प्रयागराज में ज्ञान महाकुंभ आयोजित करेगा शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास

- देश के चार क्षेत्रों में ज्ञान कुंभ आयोजित करने के बाद फरवरी में ज्ञान महाकुंभ का होगा आयोजन : अतुल कोठारी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जिस प्रकार प्राचीन भारत में ऋषि मुनि समस्याओं के समाधान हेतु नैमिषारण्य में एकत्रित होते थे, उसी प्रकार न्यास के इस ज्ञान महाकुंभ में शिक्षा के सभी घटक एक साथ एकत्रित होकर देश की शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु मंथन करेंगे। प्रयागराज में आयोजित होने वाले इस ज्ञान महाकुंभ से पूर्व देश के चार अलग अलग भागों में ज्ञान कुंभ आयोजित किए जाएँगे, जिसमें उत्तर क्षेत्र का हरिद्वार में, पश्चिम का कर्णावती में, पूर्व का नालंदा में, दक्षिण का पुडुचेरी में आयोजित किए जाएँगे। इस ज्ञान महाकुंभ से निश्चित ही देश की शिक्षा को एक नया विकल्प देने की दिशा में हम आगे बढ़ेंगे। उन्होंने आगे कहा कि इस ज्ञान कुंभ की महत्त्वता इससे ही समझी जा सकती है कि देशभर के सैकड़ों कार्यकर्ता 1 माह से लेकर 1 वर्ष तक का समय दान करेंगे। मुझे विश्वास है कि इस ज्ञान महाकुंभ से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु किए जा रहे प्रयासों को बल मिलेगा। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री सुरेश गुप्ता ने न्यास के नये दायित्वों की घोषणा करते हुए बताया कि केरल के ए विनोद अब न्यास के राष्ट्रीय संयोजक होंगे, महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष डॉ अजय तिवारी आत्मनिर्भर भारत विषय के राष्ट्रीय संरक्षक होंगे, मध्यप्रदेश के श्री अशोक कड़ेल मध्यक्षेत्र के अध्यक्ष होंगे, साथ ही झाबुआ के ओम शर्मा मध्य क्षेत्र के संयोजक बनाये गये। श्री सुरेश ने बताया कि न्यास ने भारतीय ज्ञान परम्परा विषय पर कार्य आरम्भ किया है, जिसके राष्ट्रीय संरक्षक के रूप में दिल्ली के प्रो रमेश भारद्वाज कार्य देखेंगे। शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संयोजक ए विनोद ने आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 16-17 अगस्त 2024 को प्रचार-प्रसार की राष्ट्रीय बैठक दिल्ली में आयोजित की जाएगी, 13,14,15 सितंबर 2024 को चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास के विद्यालय व महाविद्यालय स्तर की राष्ट्रीय कार्यशाला रायपुर में आयोजित की जाएगी, 21-22 सितंबर पर्यावरण विषय की राष्ट्रीय बैठक उदयपुर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि आगामी 18-19 अक्टूबर 2024 को राष्ट्रीय संचालन समिति की बैठक गुजरात के सोमनाथ में आयोजित की जाएगी। इस वर्ष देशभर के चार भागों में होने वाले ज्ञान कुंभ नवम्बर दिसम्बर माह में आयोजित किए जाएंगे।

## श्री वैष्णव नाम एकादशी व्रत का मान आज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का व्रत उदय व्यापिनी तिथि में 18 जून मंगलवार को मनाया जायेगा। इस महत्वपूर्ण तिथि पर दिव्य कल्याण स्वरूप देवदेवोत्तमा श्रीलक्ष्मीवेंकटेश्वर का उद्यास्तमन सेवा के अन्तर्गत तिरूमञ्जनानुष्ठान होगा। भांति-भांति प्रकार से भगवान्‌ की पूजाक्रम के बाद महास्तुति होगी, महाआरती और भोग लगेगा। निर्जला एकादशी का महत्व ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष में जो एकादशी हो उसका यत्न पूर्वक निर्जल व्रत करें, केवल कुल्ला या आचमन करने के लिए मुख में जल डाल सकते हैं, उसको छोड़कर और किसी प्रकार का जल मुख में ना डालें। अन्यथा व्रत भंग हो सकता है ।एकादशी को सूर्योदय से लेकर दूसरे दिन के सूर्योदय तक मनुष्य जल का त्याग करें तो यह व्रत पूर्ण होता है। वर्ष भर में जितनी एकादशियां होती हैं, उन सब का फल निर्जला एकादशी के सेवन से मनुष्य प्राप्त कर लेता है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। शंख चक्र और गदा धारण करने वाले भगवान केशव ने कहां है यदि मानव सब को छोड़कर एकमात्र मेरी शरण में आ जाए और एकादशी को निराहार रहे तो वह सब पापों से छूट जाता है । एकादशी व्रत करने वाले पुरुष के पास विशालकाय आकृति और काले रंग वाले दंड पासधारी भयंकर यमदूत नहीं जाते। अंत काल में पीतांबर धारी सौम्य स्वभाव वाले, हाथ में सुदर्शन धारण करने वाले विष्णु दूत आकर इस वैष्णव पुरुष को भगवान विष्णु के धाम में ले जाते हैं। अतः निर्जला एकादशी को पूर्ण यत्न करके उपवास करना चाहिए।

## रोटरी व राज अस्पताल ने जोहना में लगाया नि:शुल्क मेगा स्वास्थ शिविर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : रोटरी रांची डाउनटाउन, राज अस्पताल एवं एकस्थ संस्था के द्वारा गुरिडीह पंचायत के जिलिंग सोरेंग गांव में विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष्मान कार्ड बनवाने के शिविर का आयोजन किया गया। राज अस्पताल रांची , रोटरी डाउनटाउन एवं एकस्थ फाउंडेशन के सहयोग से रविवार 16 जून को, जिलिंग सोरेन गांव (अंगड़ा) में एक विशाल स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 500 से ज्यादा मरीजों को निःशुल्क परामर्श, जांच एवं निःशुल्क दवाइयाँ दी गयी। इसके साथ ही जिन मरीजों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं था उनका आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया. स्वस्थ्य शिविर में हड्डी, गुर्दे, सामान्य रोग एवं सर्जरी, छाती एवं फेफड़ा, दांत एवं जबड़े , स्त्री एवं प्रसूति, शिशु सम्बन्धी रोगों की जांच की गयी एवं मरीजों को चिकित्सीय सलाह के साथ साथ दवाईयाँ भी दी गयी। इस शिविर में राज अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक एवं पैरामेडिक टीम उपलब्ध थी। स्वस्थ्य शिविर में ग्रामीणों की सहभागिता एवं जागरूकता देखते ही बन रही थी।

## श्री श्याम मंदिर में भव्य रूप से मनी निर्जला एकादशी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में आज निर्जला एकादशी बड़े ही भव्य रूप से मनाया गया। आज निर्जला एकादशी के अवसर पर प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का आना-जाना निरंतर मंदिर में लगा हुआ था । सुबह 5:30 की मंगला आरती में भक्तों ने प्रातः कालीन दर्शन कर अपने इष्ट देव को मनाया। इसके बाद 6:00 बजे मंड का पर्दा लगाकर श्याम बाबा का अद्भुत श्रंगार किया गया। 8:30 बजे की श्रृंगार आरती में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्त दर्शन कर अपने इष्ट देव को मना कर श्याम प्रेमियों ने जयकारा लगाकर श्याम बाबा की जय, हारे के सहारे की जय से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। श्याम प्रेमी दरबार में बाबा श्याम को भजन सुनाकर दरबार में हाजिरी लगा अपनी मनोकामना की अर्जी लगा रहे थे।12:15 बजे के विश्राम आरती के बाद मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर बाद मंडल के मंत्री श्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में बाबा का द्वितीय एकादशी श्रृंगार किया गया। कोलकाता बेंगलुरु से मंगाए गए मोटी मोटी मालाओं से सजाकर रूह गुलाब की मालिश कर का भोग लगाया गया। लाल गुलाब पीला गुलाब गुलबहार रंजनीगंधा सॉन्ग ऑफ इंडिया लाल गेंदा पीला गेंदा जूही बेली तुलसीदल के फूलों की मोटी मालाओं से बाबा का मनोहारी श्रृंगार किया गया। 4:30 बजे जब मंदिर के पट खुले तो भक्त दर्शन कर बाबा का भक्ति में भाव विभोर हो गए। नयनाभिराम झांकी अद्भुत श्रंगार नवीन बागा पहन बाबा श्याम ऐसा दर्शन दे रहे हो मानो सबका मन मोह रहे थे। आज का विशेष श्रृंगार एवं बागा सेवा कैलाश सिंघानिया एवं आशा सिंघानिया के द्वारा निवेदिता था। रबड़ी प्रसाद की सेवा अन्नपूर्णा सरावगी पंचमेवा भोग की सेवा गोकुल यश गोकुलका राजेश जायसवाल फल की सेवा डॉक्टर खुशबू प्रमोद पोद्दार दीपक अग्रवाल राजेश जायसवाल एवं अन्य श्याम भक्त गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल द्वारा निवेदित थी।निर्जला एकादशी का विशेष कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के नेतृत्व में शुरू हुआ।

## एक पहल स्वयंसेवी संस्था ने 'हमारे होनहार' कार्यक्रम का किया आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : एक पहल स्वयंसेवी संस्था की ओर से रांची प्रेस क्लब में हमारे होनहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जैक बोर्ड में सफल इंटर और मैट्रिक के छात्र छात्राओं को सम्मानित किय गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में कई छात्र झारखंड टॉपर भी थे। जिनको संस्था की ओर से मेडल मोमेंटो और सर्टिफिकेट देख सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी शंकर दुबे वह फरीद खान थे। इसके अलावा कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति मंच पर थी संस्था की ओर से हर साल इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और बच्चों को प्रोत्साहित किया जाता है। ताकि वह और भविष्य में बेहतर करें संस्था की ओर से संस्था के सभी सदस्यों ने अपना योगदान दिया। जिसमें अध्यक्ष शकील खान सदस्य शाहिद रहमान शमशेर आलम शिल्पी वर्मा साहिल नितेश व अन्य ने अपना पूरा सहयोग दिया जिस कारण कार्यक्रम सफलतापूर्वक किया गया।

## एक्सआईएसएस में 'रोहतासगढ़ का पुनरावलोकन' पर आदिवासी साहित्य निर्माण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची** : जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस), रांची ने अपने डॉ के.एस. सिंह ट्राइबल रिसोर्स सेंटर, रिसर्च एवं प्लानिंग विभाग और रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), दिल्ली में यूएस फुलब्राइट-नेहरू शोधकर्ता सुश्री मैरी गिरार्ड के साथ मिलकर सोमवार को संस्थान के फादर माइकल वैन डेन बोगार्ट एस.जे. ऑडिटोरियम में दो-दिवसीय 'रोहतासगढ़ का पुनरावलोकन': सांस्कृतिक अनुकूलन और कहानी कहने की कलाः आदिवासी साहित्य का निर्माण विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह संगोष्ठी आदिवासी संस्कृतियों और उनकी साहित्यिक विरासत की खोज में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई। क्योंकि इसने संस्कृति, अनुकूलन और कहानी कहने के बीच जटिल संबंधों पर गहन चर्चा हुई। इस संगोष्ठी का स्वागत नोट एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे द्वारा दिया गया, जिसमें उन्होंने कार्यशाला में सभी का स्वागत किया और कहा, एक्सआईएसएस, रांची ओने ट्राइबल रिसोर्स सेंटर, रिसर्च एवं प्लानिंग विभाग और रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम के माध्यम से भारत के आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर बहुत गर्व करता है। संस्थान में स्थित इस सेंटर से शैक्षणिक उत्कृष्टता को सामाजिक प्रभाव से जोड़ने के उद्देश्य को बढ़ावा मिलता है और देश भर में आदिवासी आबादी के अधिकारों और विकास को समझने और उनकी वकालत करने के लिए हमारे समर्पण का प्रतीक है। साथ ही हमारा रूरल मैनेजमेंट कार्यक्रम छात्रों को ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए व्यावहारिक कौशल और अंतर्दृष्टि से लैस करके इन प्रयासों को और आगे बढ़ाता है, यह सुनिश्चित करता है कि हमारे संस्थान से निकले हुए मैनेजर सकारात्मक बदलाव के उत्प्रेरक हों। उन्होंने आगे कहा कि, यह सेमिनार आदिवासी साहित्य के निर्माण में योगदान देने वाले समृद्ध सांस्कृतिक अनुकूलन और कहानी कहने की परंपराओं पर चर्चा करता है, जो विद्वानों और शोधकताओं को इन विषयों को गहराई से जानने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। संस्थान विद्वानों और हितधारकों को भारत के आदिवासी समुदायों के लिए अधिक न्यायसंगत और सशक्त भविष्य की दिशा में इस परिवर्तनकारी यात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करता है। आदिवासी संस्कृतियों की समृद्धि और विविधता का जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर प्रदान करता है, ये बातें जेएनयू में रिसर्चर और यूएस फुलब्राइट-नेहरू शोधकर्ता और कार्यक्रम की आयोजक मैरी गिरार्ड ने कहा। उन्होंने कहा, ररोहतासगढ़ का फिर से दौरा करके, हमारा उद्देश्य न केवल कहानी कहने की परंपराओं का सम्मान करना है, बल्कि आदिवासी साहित्य की गतिशील प्रकृति और सामूहिक पहचान को आकार देने में इसके महत्व पर प्रकाश डालना भी है। सेमिनार के दौरान, रोहतासगढ़ पर विस्तार से चर्चा की गई और इसे इतिहास और लोककथाओं में समाहित स्थान बताया गया। अंतःविषय दृष्टिकोण के माध्यम से, प्रतिभागियों ने आदिवासी साहित्य की गहराई में जाकर आख्यानों, मिथकों और मौखिक परंपराओं की परतों को उजागर किया, जिन्होंने भारत के सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार दिया है।

## एक झलक

### सीएम से मिले डॉ. एन. बी. चौधरी



**रांची** : मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से रविवार को बूटी रोड, मोरहाबादी, रांची स्थित आवास में केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, पिस्का नगड़ी, रांची के निदेशक डॉ. एन. बी. चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### अमेजन की इंटरनेशनल योगा डे सेल 21 जून तक

**रांची** : इस साल इंटरनेशनल योगा डे के मौके पर अमेजन की खासतौर पर तैयार योगा डे सेल के साथ एक सेहतमंद जीवनशैली अपनाएं और अपने फिटनेस रुटीन को बेहतर बनाएं। अमेजन की यह सेल 21 जून 2024 तक जारी रहेगी। यहां पर योगा मैट, व्हील, ब्लॉक आदि जैसे योग से जुड़े प्रोडक्ट के साथ ही वेलनेस प्रोडक्ट की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। इस खास संग्रह के साथ अपने मन, शरीर और आत्मा को सुकून देते हुए खुद को सेहतमंद बनाएं। ग्राहक यहां पर योगा मैट, योगा ब्लॉक और एक्सेसरीज जैसी योग से जुड़े अपने सभी पसंदीदा प्रोडक्ट पर 80 प्रतिशत तक की छूट का फायदा उठा सकते हैं। इसके साथ ही ग्राहक योग से जुड़े सभी प्रोडक्ट पर 750 रुपये की न्यूनतम खरीद पर यूपीआई के माध्यम से पेमेंट करने पर 150 रुपये तक का अतिरिक्त 10 प्रतिशत कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं। फोम योगा ब्लॉक्स हाई डेन्सिटी वाले एथिलीन-विनाइल एसीटेट फोम से बने हैं। ये ब्लॉक्स योग अभ्यास करते समय भरोसेमंद सपोर्ट प्रदान करते हैं और लंबे समय तक बेहतरीन पर्फोर्मेंस देते हैं। इसका मॉड्यूलर डिजाइन और फिसलन-रोधी सतह आपको एक सुरक्षित पकड़ प्रदान करते हैं। इसे अमेजन.इन पर 18 से 21 जून के बीच 499 रुपये में खरीद सकते हैं। बच्चों के लिए बोल?डफिट एथिलीन विनाइल योगा मैट्स 269 रुपये में खरीद सकते हैं। यह योगा मैट एंटी-स्लिप टेक्सचर और सॉफ्ट पैडिंग के साथ आता है, ताकि बच्चे हर आसन को सुरक्षित रूप से कर सकें।

### योग शिक्षिका अर्चना व स्वामी शिवानंद सरस्वती को किया गया सम्मानित

**रांची** : अयोध्या में हुए दो दिवसीय योग महाकुंभ राष्ट्रिय योग वीर सम्मान समारोह में झारखंड से रांची निवासी 'योग शिक्षिका अर्चना' को 'स्वामी धीरेंद्र ब्रहमचारी योग श्री अवार्ड' और 'स्वामी शिवानंद सरस्वती योग शिरोमणि अवार्ड' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ व अखिल भारतीय योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मंगेश त्रिवेदी ने अयोध्या के श्रीराम ऑडिटोरियम मे हुए समारोह मे रांची की योगाचार्या अर्चना को सम्मानित कियो योगाचार्या अर्चना को यह पुरस्कार योग के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने पर दिया गया है।ेइस वर्ष संपूर्ण भारत के 300 लोगो को राष्ट्रिय पुरस्कार दिया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा 'दिनेश शर्मा, आश्रम गांधी पुरी सेवाग्राम के अध्यक्ष पद्मश्री अगुर-इंद्र उदयन, वेदमूर्ति पवन दत्त महाराज मौजूद रहे।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति जताया शोक

**रांची** : पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में हुए कंचनजंगा एक्सप्रेस रेल हादसे में मृत यात्रियों के प्रति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने शोक व्यक्त किया और अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिवारों को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मृत व्यक्तियों के परिवारों तथा घायलों को उचित मुआवजे तथा उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा सरकार के स्तर पर उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस रेल हादसे की नैतिक की जिम्मेवारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को लेनी चाहिए,उनके कार्यकाल में देश में कई रेल हादसों में सैकड़ों लोगों की मौत हुई है।

## एक झलक

### झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 में पहुंचे मुन्ना सिंह ने किया बच्चों को प्रोत्साहित

**हजारीबाग** : रविवार को झील परिसर में स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता 2024 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए और बच्चों का हौसला-अफजाई किया। आउटडोर एस्केप एकेडमी, हजारीबाग द्वारा आयोजित किए गए इस प्रतियोगिता में मुन्ना सिंह का स्वागत, एकेडमी के आयोजक कोच और पूरी टीम ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया। मुन्ना सिंह ने सभी विजेताओं और उपविजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उनको खेल के क्षेत्र में मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा कि आज के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। मुख्य रूप से उपस्थित बबलू सिंह, दिनेश यादव, सुजीत सिंह, विक्की कुमार धान, विशाल कुमार इत्यादि कई लोग उपस्थित थे।

### ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की, अमन चैन और शांति की मांगी दुआएं

**विष्णुगढ़** : सोमवार को विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बकरीद का त्योहार पूरे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।इस दौरान विष्णुगढ़,चेडरा,नवादा सहित विभिन्न क्षेत्रों के मस्जिदों में मुस्लिम धर्मलंबियों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर अमन चैन और शांति की दुआएं मांगी।वही नवादा के ईदगाह मैदान में सुबह सात बजे हजारों की संख्या में अकीतमंदो ने बकरीद की नमाज अदा की।नमाज में इमामत हाजी व हाफिज इलियास मिस्बाही ने किया।जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शरीक होकर एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद एवं बधाई दी।इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि निजाम अंसारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा बलिदान और संयम का पर्व है,बुराइयों की कुबार्नी देकर आत्मा को शुद्ध करने का यह एक उत्तम साधन है। जिसे इस पर्व में त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप के अनुसार बकरे की कुबार्नी दी जाती हैं। नसीहत देते हुए कहा कि आपसी भाईचारा कायम रखें, और एक दूसरे का सहयोग करें। अपने अंदर छिपी हुई बुराइयों की कुबार्नी करें।नमाज के मौके पर नवादा सदर मोहम्मद खलील अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी, सेक्रेटरी अब्दुल सकुर अंसारी, पसंस अबरार अंसारी,पूर्व पसंस फखरुद्दीन अंसारी, दिलेर आजाद, महमूद आलम, अब्दुल अजीज, मास्टर कासिम, मोहम्मद सादीक मजबूल अंसारी, हाफिज अंसारी, दस्तगीर अंसारी, जाकिर हुसैन, अफजल अंसारी, जाबिर हुसैन, रफीक आलम, मोहम्मद हेयात अंसारी, मौजम अंसारी, युसूफ, मो०सद्दाम समेत हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए।

### हेमन्त विश्व सरमा को उप प्रभारी बनाये जाने पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दी बधाई

**बरही** : भाजपा द्वारा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को सह प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने केंद्रीय कृषि मंत्री सह पूर्व मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शिवराज सिंह चौहान को चुनाव प्रभारी एवं असम के मुख्यमंत्री हेमन्त विश्व सरमा को सह प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दोनो के मार्गदर्शन में झारखंड भाजपा को नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान होगा और 2024 विधानसभा चुनाव बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी अपनी सरकार बनाएगी।

## ईद-उल-अजहा का त्यौहार हर्षोल्लाहस से मनाया गया

# मुल्क में अमन चैन व भाईचारे की मांगी गयी दुआएं



**फ्रीडमफाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : ईद -उल- अजहा (बकरीद) का त्यौहार मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा पूरे देश विदेश में इस्लामी कैलेंडर के अनुसार साल के आखिरी महीना जिल - हिज्जा के 10 वीं तारीख को हर्षोल्लास मनाया जाता है। ईद -उल- अजहा का त्योहार पैगंबर हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है।इस्लामी मान्यता के अनुसार अल्लाह ने पैगंबर हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम से अपने सबसे अजीज (प्यारी) चीज को कुबार्नी (बलिदान) करने का हुक्म दिया जिसको बगैर किसी संकोच उन्होंने अपने चहेते बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करने का इरादा कर लिया और जब वह उन्हें कुर्बान करने के लिए जमीन पर लिटा देते हैं और उनके गर्दन के ऊपर छुरी चलाते हैं ?मगर छुरी की तेज धार बेटे इस्माइल के गर्दन को नहीं काटती और कटती भी कैसे यह तो सिर्फ अल्लाह की ओर से हजरत इब्राहिम की परीक्षा की घड़ी थी जिसमें वह पूर्ण रूप से पास हो गए अल्लाह को कुछ और ही मंजूर था अल्लाह तो सिर्फ इब्राहिम की आजमाइश ले रहा था। अल्लाह के हुकुम से अल्लाह के फरिश्ते हजरत जिब्राइल ने जन्नत से एक दुम्बा को जमीन पर लाकर लिटा दिया और हजरत इस्माइल के जगह में दुंबे की कुबार्नी हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के द्वारा पेश की गई। अल्लाह ने हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम के इस प्रकार से हुकुम बजा लाने की इस अदा को इस कदर पसंद फरमाया कि इस्लाम के आने वाले नस्लों के लिए हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की इस अजीम सुन्नत को कुबार्नी की शक्ल में लाजिमी करार दिया। मुस्लिम धर्मावलंबी ईद -उल- अजहा के अवसर पर बकरा, दुंबा आदि जानवरों की कुबार्नी करते हैं और अल्लाह की रजामंदी हासिल करते हैं। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबी मस्जिदों और ईदगाहों में ईद -उल- अजहा की नमाज अदा करते हैं और अल्लाह की रजामंदी हासिल करने के लिए कुबार्नी पेश करते हैं। ईद -उल- अजहा की नमाज 10वीं जिल- हिज्जा को पढ़ी जाती है और जिल - हिज्जा महीने के 10वीं 11वीं और 12वीं तारीख को कुबार्नी पेश की जाती है यह तीन दिवसीय त्यौहार होता है। हजारीबाग में भी सोमवार को ईद -उल- अजहा का त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास मनाया गया। इस मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाह और मस्जिदों में ईद -उल-अजहा की नमाज अदा की और मुल्क में अमन चैन और भाईचारे की दुआएं मांगी। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद -उल-अजहा की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस अवसर पर हजारीबाग शहर की जामा मस्जिद, औलिया मस्जिद नवाबगंज, खानकाह मस्जिद खिरगांव, बड़ी मस्जिद खिरगांव, मस्जिद ए ताजुसरिया खिरगांव, मस्जिद -ए- मोहसिन आजाद नगर, गौसिया मस्जिद मिल्लत कालोनी, सुलतान -उल- हिंद मस्जिद पगमिल, आला हजरत मस्जिद पगमिल, मस्जिद ए आईशा पगमिल, मस्जिद ए हाशमी हाशमिया कालोनी, मस्जिद ए अरकम अंसार नगर, नुरी मस्जिद लोहसिंघना, छोटी मस्जिद मंडई, बड़ी मस्जिद मंडई, गौसिया मस्जिद मंडई, कोलघट्टी मस्जिद, नूरा मस्जिद, ईदगाह मस्जिद बड़ा बाजार, मदीना मस्जिद ग्वालटोली, अजमेरी मस्जिद चिश्ती मोहल्ला, सरदार चौक मस्जिद, कचहरी मस्जिद डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक, मटवारी मस्जिद, लाखे मस्जिद में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई।

## बरकट्ठा में ईद-उल-अजहा हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में ईद उल अजहा बकरीद का पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया. रजा जामा मस्जिद बरकट्ठा में इमाम मौलाना अताउल रहमान ने सुबह 7.15 बजे बकरीद की नमाज अदा कराई. जिसमें बरकट्ठा के अलावे आस पास के इलाको से बड़ी संख्या में नमाजी शामिल हुए. इमाम ने मौके पर क्षेत्र में अमन-चैन और शांति के लिए दुआएं मांगी. कहा की बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे के साथ सभी गिले शिकवे को भूलकर मिलजुल कर मनाने का पैगाम लेकर आती है. नमाज के बाद लोगो ने एक दुसरे से गले



मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी. बकरीद को लेकर मस्जिद को फूलों से आकर्षक ढंग से सजावट किया गया. पर्व के मौके पर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, झामुमो पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान, जिप सदस्य कुमकुम देवी, प्रेरणा प्रिया, पूर्व जिप सदस्य दयमंती देवी, अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद, पूर्व प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, दर्शन सोनी ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी है. बरकट्ठा के अलावा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम सक्रेज, घंघरी, तरबेचवा, मेरमगड्डा, कोनहराखुर्द, शिलाड़ीह, बरवां, जमुआ, बेडोखुर्द, बसरामो, कोनहराकला, बेड़ोकला गांव में भी लोगों ने ईद उल अजहा की नमाज सोमवार को मस्जिदों में अदा किया गया।

## सौहार्दपूर्ण तरीके से मनायी गयी बकरीद, सैंकड़ों लोगों ने की नमाज अदा



**चरही** : बकरीद (ईद-उल-अज्हा) का त्योहार सोमवार को चरही कोयलांचल क्षेत्र समेत पूरे चुरचू प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया। मुसलमानों ने ईदगाह/मस्जिदों में नमाज पढ़ी। गले मिलकर एक-दूसरे को बकरीद की मुबारकबाद दी। घर पहुंचकर जानवरों की कुबार्नी दी। मेहमानों का इस्तकबाल किया।बकरीद की नमाज सोमवार को प्रखंड के आजाद नगर कजरी, करीमगंज, पिपरा, मयूरनचवा, इंद्रा, जरबा, चरही समेत प्रखंड के सभी मस्जिदों में नमाज अदा की गई। इसमें उलेमाओं ने कुबार्नी की हकीकत को अपनाने पर जोर दिया। उलेमाओं ने कहा कि कुबार्नी से इंसान की आजमाइश होती है। अल्लाह की रजा के लिए कुबार्नी के लिए तैयार रहना चाहिए। जानवरों की कुबार्नी अल्लाह की इबादत समझकर की जाए। खुदा को दिखावा बिल्कुल पसंद नहीं है। इसका बदला अल्लाह खुद देगा। बकरीद को लेकर सुबह से लोग तैयारियों में जुट गए। बच्चों में खासकर उत्साह देखने को मिला। नए कपड़ों में सजे बच्चे खूब इठला रहे थे। ईदी को लेकर बच्चों ने खास तैयारियां की थी। ईदी पर मिले उपहार की खूबियां दूसरों से बताने में मशगूल रहे।

**पकवानों की खुशबू से महके मुहल्ले**

**बकरीद** के त्योहार पर मुस्लिम मुहल्लों कजरी,पिपरा, इंद्रा,चरही, जरबा आदि मुहल्लों में सुबह से ही चहल पहल रही। घरों में कहीं बिरयानी पक रही थी तो कहीं मटन कोरमा, कलेजी, कबाब, छोला, पुलाव समेत अन्य व्यंजनों को पकाने में महिलाएं मशगूल रही। तरह-तरह के लजीज पकवानों की खुशबू से मुहल्लों की गलियां महक उठी। ईद-उल-अज्हा के त्योहार पर हिंदू भाइयों में भी उत्साह देखने को मिला। वे अपने परिचितों के घर पहुंचे।

## बिनोद विश्वकर्मा ने उपायुक्त से मिल कर बरही व चौपारण प्रखण्ड को पेयजल समस्या दूर करने की मांग की



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : हजारीबाग उपायुक्त से मिले झामुमो के पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के नेता बिनोद विश्वकर्मा ने बताया की बरही व चौपारण प्रखण्ड में पिछले लगभग दस वर्षों से क्षेत्र की जनता पेयजल आपूर्ति ठप रहने के कारण पेयजल ही नहीं अपने दैनिक क्रियाओं के लिए भी पानी खरीदकर उपयोग करने के लिए मजबूर हैं आज भीष्ण गर्मी के कारण जल स्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकांशतः बोरिंग चापकल कुआं सूख चुका है पूरे क्षेत्र की जनता पानी के लिए त्राहिमाम कर रही है। ग्रामीणों के द्वारा सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त विभागीय मंत्री मिथिलेश ठाकुर के नाम शौंपा ज्ञापन। वही डीसी मैडम ने कही इस गंभीर समस्या को लेकर विभागीय पदाधिकारी के साथ शीघ्र बैठक कर समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगी।

## खण्डेलवाल युवा संघ ने निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर किया पेयजल व शरबत का वितरण

# 1500 से भी अधिक लोगों के बीच किया गया वितरण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : खण्डेलवाल युवा संघ के द्वारा सोमवार को पंचमंदिर चौक के समीप निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर तथा प्रचंड गर्मी को देखते हुए जनता जनार्दन के बीच पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम दोपहर करीब 12 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक निरंतर रूप से चलता रहा, उद्घाटन से पूर्व सभी लोगों ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ बाबा का दीदार किया जिसके पश्चात कार्यक्रम का उद्घाटन समाज के सदस्यों के द्वारा किया गया। इसके उपरांत राहगीर, रिक्शा चालक,मजदूर तथा आने जाने वाले समस्त जनता जनार्दन के बीच शुद्ध पेयजल एवं शरबत का वितरण किया गया, 1500




से भी लोगों के बीच वितरण किया गया। मौके पर सचिव दीपक खंडेलवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में और एकादशी के दिन राह चलते को मीठा पानी पिलाने की रीत वर्षों से चल रही है, इसी के नियमित सोमवार को राह चलते लोगों को शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाया गया। मौके पर उपाध्यक्ष निखिल खंडेलवाल ने कहा कि खंडेलवाल युवा संघ सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता बढ़ चढ़कर सुनिश्चित करेगी, इसी के नियमित यह सेवा का कार्य किया गया है आने वाले दिनों में कई प्रकार की सेवा के कार्य तथा धार्मिक कार्य खंडेलवाल युवा संघ के द्वारा आयोजित किए जाएंगे।

## अगामी मांडू विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक, कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : चुरचू प्रखण्ड के चरही आकाश गंगा कार्यालय में अगामी मांडू विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आनंद सोरेन व संचालन चुरचू पूर्व उपमुखिया सहदेव किस्कु ने किया। बैठक में मांडू विधानसभा के प्रत्येक प्रखंड में बूथ कमेटी बनाने और हरेक प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय सम्मेलन आयोजन किया का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यकताओं ने अगामी मांडू विधानसभा चुनाव में आनंद सोरेन को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतारने का निर्णय लिया . मौके पर बिशुन मुर्म, सुखदेव सोरेन, अर्जुन टुडू, मोहन हेब्रोम, सहदेव किस्कू, एहतेसामुल हसन,मुनेश्वर रविदास, विकास टुडू राजेश भुईया, जय नादान भारती, निखिल किस्कू, सुनील किस्कू, ऐनुल अंसारी, सुलताल अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डोडा की तस्करी करते धराये पांच तस्कर



**फ्रीडमफाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : चौपारण थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बड़ी कारवाई करते हुए 301 एक किलो डोडा जप्त करते हुए पांच तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वरीय पदाधिकारी के द्वारा गुप्त सूचना मिली कि दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास एक ट्रक वाहन सं आर जे 23 जिए 5707 पर अवैध रुप से भारी मात्रा में डोडा लोड किया जा रहा है। इस संबंध में त्वरीत कार्रवाई करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्री सूरजित कुमार एवं थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर सशस्त्र बल के साथ दनुआ स्थित ड्राईवर भाई पंजाबी लाईन होटल के पास छापामारी किया गया। छापामारी दल होटल के पास पहुँचा तो देखा कि एक ट्रक लगा है और उक्क्त ट्रक के उपर कुछ लोग चढे हुए है और कुछ लोग माथा पर प्लास्टिक का बोरा ला रहे हैं और कुछ लोग उस बोरा को चढ़ाने में मदद कर रहे हैं। पुलिस को देखते ही इनलोग भागने का प्रयास करने लगे जिसे सभी आदमी को सशस्त्र बल के द्वारा खदेडकर पकड लिया गया। पकडाये व्यक्तियों को भागने का कारण पुछने पर उनलोगो के द्वारा संतोषजनक जवाब नही दिया गया।

## आम के दीवानों आयें हजारीबाग व खाएं अल्फांसो आम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : आम फलों का राजा होता है अगर आपको देश का सबसे प्रसिद्ध स्वादिष्ट अल्फांसो आम खाने की इच्छा है तो अब आपको महाराष्ट्र या फिर गुजरात पर आश्रित होने की जरूरत नहीं है हजारीबाग में भी अल्फांसो आम की खेती हुई है। इस बार पेड़ में 100 से अधिक अल्फांसो आम तैयार हो रहा हैं जिसे आप पैसा देकर खरीद सकते हैं। डेमोटांड स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र में 3 अल्फांसो आम के पेड़ तैयार है। इस वर्ष एक पेड में आम हुआ है जिसे लोग देखने के लिए भी पहुंच रहे हैं और किसान को यह कह रहे हैं कि जब यह तैयार हो जाए तो स्वाद जरूर चखाइए। हजारीबाग कृषि अनुसंधान केंद्र में 300 से अधिक आम के पेड़ हैं जहाँ तरह तरह के आम का पेड़ तैयार किया गया हैं। इनमें से 3 आम के पेड़ बेहद खास है जो विशेष सुरक्षा में रहता है। किसान और कृषि अनुसंधान केंद्र के पदाधिकारी भी इस आम के वृक्ष का विशेष ख्याल रखते हैं। 2007 में 3 अल्फांसो आम के पौधे कृषि अनुसंधान केंद्र में लगाए गए थे। इस वर्ष एक अल्फांसो आम के पेड में फल तैयार हो रहा हैं। कृषि अनुसंधान केंद्र के फील्ड ऑफिसर सह किसान राजेश कुमार बताते हैं कि साल 2007 हजारीबाग में यह हापुस आम का एक प्रयोग किया गया था प्रयोग सफल हुआ। केंद्र में लगाए गए 3



अल्फांसो आम के पौधे अब फसल दे रहे है इससे अब सालाना 10 क्विंटल तक आम हो रहा है। पिछले साल की तुलना में इस वर्ष आम की फसल कम आई है लेकिन फिर भी लोग इसकी खरीदारी करने के लिए यहां पहुंच रहे हैं। अभी आम पूर्ण रूप से तैयार नहीं है .जिस कारण से इसकी बिक्री पर अभी रोक लगाई गई है। करीब 10 से 15 दिन के बाद जब आम पक जाएंगे तब इसे व्यापारी बुलाकर बेचा जाएगा।

## मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

# 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर दिया मानवता का परिचय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : सामाजिक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था मारवाड़ी युवा मंच द्वारा 17 जून को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर एवं हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल, संत कोलंबा मिशन हॉस्पिटल, टाइटन आई प्लस ,फिट फिजियोथैरेपी क्लिनिक के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया ।शिविर का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया उपायुक्त को मंच द्वारा पुष्प गुच्छ ,सॉल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल सी ए, कोषाध्यक्ष अनिकेत जैन संयोजक विनीत अग्रवाल, बादल गोयल ने रक्तदान कर किया। तत्पश्चात कृष्णा चौधरी, अभिषेक अग्रवाल, शुभम अग्रवाल ,आदित्य खंडेलवाल संगीत सोनम अग्रवाल, अमन अग्रवाल, प्रतीक राम



राईका ,शुभम, देवेंद्र जैन, धीरज कुमार, प्रकाश कुमार, मोहित खंडेलवाल ,रोहित खंडेलवाल, देवांश खंडेलवाल ,श्रेयांश खंडेलवाल ,आदर्श अग्रवाल, शुभम मुनका ,प्रियांशु माहेश्वरी चेतन पोद्दार सोनाली बंसल एसके झा ,इयान गोयल,, हर्ष गोयल चिकू इशिका बांका, गुंजन ,हरिप्रकाश बुबुन ,भैया अनुभव ,दीपक अग्रवाल सजन अग्रवाल अग्रवाल अमित कुमार जैन संजय कुमार सुसुम सौरभ महेंद्र प्रसाद गुप्ता सुधांशु कुमार अमन केसरी आकांक्षा जैन सौरभ मुर्मू गोलू चंद्रवंशी शिखा अग्रवाल रोहित कुमार सिन्हा आदि 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया` उपायुक्त नैंसी सहाय ने रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया साथ ही 10 एवं 12वीं कक्षा के मेधावी बच्चों को जिन्होंने 90 प्रतिशत से ऊपर लाने वाले बच्चों को उनके द्वारा सर्टिफिकेट देखकर सम्मानित किया गया सभी रक्तदाताओं को मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विनीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष अनिकेत अग्रवाल संयोजक विनीत अग्रवाल, बादल गोयल द्वारा सर्टिफिकेट एवं पौधा देखकर सम्मानित किया गया । स्वस्थ शिविर में 400 अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर को सफल बनाने मारवाड़ी समाज के सांवरमल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल,निर्मल जैन, दिनेश खंडेलवाल,श्रवण अग्रवाल सुबोध सेठी विजय लुहाडिया मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष ,कोषाध्यक्ष हजारीबाग कॉलेज ऑफ हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के डॉक्टर सौम्या राज और डॉ शिखा टाइटन ए प्लस के राहुल जयपुरिया कुमारी मुस्कान का विशेष सहयोग रहा ।

## एक झलक

### श्यामडीह पेट्रोल पंप स्थित हीरक रोड के किनारे एक पुराना ट्रैक्टर पलटा

**बाघमारा (धनबाद) :** सोमवार को श्यामडीह पेट्रोल पंप स्थित हीरक रोड के किनारे एक पुराना ट्रैक्टर पलट गया तथा सड़क से लगभग 30 फिट नीचे जा गिरा।घटना लगभग 3 बजे के आसपास की बताई जा रही है। इधर घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि कुछ लोगों को चोट भी लगी है, लेकिन मौके से वो लोग गायब हो गए। सूचना मिलने पर कतरास पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल की। इसके बाद किरान की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को ऊपर खींचा तथा थाना ले आई। कतरास थाना प्रभारी अशीत कुमार सिंह से दूरभाष पर इस संबंध में कहा कि अभी जांच चल रही है जांच के बाद ही बता सकेंगे।

### नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म मामले का हुआ उद्भेदन

**बाघमारा (धनबाद) :** जोगता क्षेत्र के सिजुआ 7 नबर के शादीसुदा युवक राहुल रजवार 24 वर्ष द्वारा लड़की को बहला फुसला कर अंगार पथरा ओपी क्षेत्र के कोडियापट्टी बस्ती के निचे सुनसान जंगल मे तेतुलमारी के नया मोड़ के रीता कुमारी नाबालिग (काल्पनिक नाम) के साथ बलात्कार किया। यूवति की मां के आवेदन के आधार पर कांड दर्ज किया गया। तथा नाबालिंग पीड़िता को चिकित्स्य जांच हेतु भेजा गया, जिसे सोमवार को संबंधित न्यायालय मे कांड संख्या संख्या 170/24 पॉक्सो एंव 376 बलत्कार मे कांड के तहत भेजा जायगा। वही युवक को अंगार पथरा, तेतुलमारी और जोगता थाना के संयुक्त दल ने काफी जादो जहद कर दुष्कर्म आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया। अंगार पथरा ओपी प्रभारी विशाल दास विधाता को जैसे ही घटना कि सूचना मिली उन्होंने तुरंत कार्रवाई हेतु जांच प्रारंभ किया और चार घंटे में युवक को धर दबोचा।

### भागाबांध ओपी प्रभारी को एसएसपी ने किया निलंबित

**पुटकी (धनबाद) :** भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार को एसएसपी ने निलंबित कर दिया। बताया जाता है कि भागाबांध ओपी क्षेत्र के बरारी कोक प्लांट शिव मंदिर के नजदीक अवैध कोयला सहित ट्रक को जब्त कर भागाबांध ओपी के सुपूर्द कर दिया गया था। लेकिन सुबह में ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार हो गया था,जिसके बाद पुलिस की भूमिका पर कई तरह के सवाल खड़े होने शुरू हो गये थे। मामला वरीय अधिकारियों के संज्ञान में भी आया था। सिटी एसपी ने सख्त काररवाई करते हुए भागाबांध ओपी प्रभारी को निलंबित कर दिया है।बता दें कि पकड़े गये वाहन का भागाबाध ओपी से ऐसे भाग जाने को लेकर सिटी एसपी द्वारा छानबीन करने के बाद अपने कार्य में लापरवाही बरतने को लेकर भागाबांध ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार को निलंबित किया गया है।

### ईद-उल-अजहा के अवसर पर हुई नमाज अदा

**पाथरडीह (धनबाद) :** सिन्दरी स्थित जामा मस्जिद, रोहराबांध मस्जिद, डोमगढ़ एवं गोशाला में ईद उल अजहा ( बकरीद ) के अवसर पर नमाज पढ़ी गई।जामा मस्जिद में इमाम गुलाम मोहिउद्दीन ने नमाज पढ़ाया। मो. कामरान अख्तर, सब्बीर खान, ताहीर जमा, मो सानू, मो. सब्बू, मो. सद्दाम, मो नाजू, मो. नसीम, मो. जमाल उद्दीन, मो. जाहिद हुसैन, मो. रिजवान, मो. इनाम, मो रियाज, मो. साहिद, मो. याकूब, मो. नजम, मो. इदरीस आदि ने नमाज अदा की।

# ईद-उल-अजहा पर मांगी गयी अमन व चैन की दुआ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया, धनबाद कोयलांचल में ईद उल-अजहा सोमवार को अकीदत के साथ मनाई गई। धनबाद में दर्जनाधिक स्थानों पर बड़ी संख्या में जुटे नमाजियों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। वहीं झरिया के उपरकुली, शमशेर नगर, चौथाई कुली भागा, डिगवाडीह , पाथरडीह एवं शालीमार ईदगाह में सैकड़ो लोगो ने बकरीद की नमाज अदा की। इस दौरान मौलाना हाफिज मोहम्मद हसनेंन नजा ने कहा कि पैगंबर हजरत इब्राहीम के कुबार्नी की याद में बकरीद मनाई जाती है, सुबह में नवाज अदा की गई जिसमे अमन चैन, और खुशहाली की दुआ मांगी गई। वही कांग्रेस नेता समशेर आलम ने कहा की देश दुनिया में अमन चैन, खुशहाली की दुआ मांगी गई। देश में सभी मिलजुल कर रहे यही ख्वाहिश है। वही बकरीद को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किया गए थे। कोई अप्रिय घटना ना हो इसे लेकर जिला मुख्यालय और सभी थानों में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी। सुरक्षा को लेकर जिले को 6 जोन में बांटा गया था। जगह जगह पर मेजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी और पुलिस फोर्स की तैनाती की गई थी। बकरीद की पूर्व संध्या पर सभी थाना क्षेत्रों में फ्लेग मार्च भी निकाला गया था।



## ईद-उल-अजहा पर बच्चों ने किया पौधरोपण

**झरिया (धनबाद) :** यूथ कॉन्सेप्ट एवं ग्रीन लाइफ झरिया के संयुक्त तत्वावधान में झरिया के कतरास मोड़ में ईद उल जुहा के अवसर पर बच्चों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं अवाम के सलामति का दुआ किया। बच्चों ने झरिया के लोगों से भी एक एक पौधे लगा कर देख भाल करने की अपील की। लगाए गए पौधों में सुरक्षा घेरा भी लगाया गया। डॉ. समीर ने कहा इस साल सभी को एहसास हुआ है पर्यावरण कितनी जरूरी है, तापमान लगातार बढ़ती जा रही है बच्चे बूढ़े सभी वर्ग के लोगों को जलती गर्मी से राहत के लिए पेड़ पौधे लगाए। यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि सभी त्योहार में बच्चों द्वारा पौधा लगाने की परंपरा रखी गई है। ताकि इनमे पर्यावरण संरक्षण का संस्कार विकसित किया जा सके। यह पौधा बड़ा हो कर इस वर्ष के बकरीद की याद को ताजा रखेगा। अखलाक अहमद ने कहा कि इसी तरह पर्व में जन्मदिन पर या अन्य खुशी के मौके पर पौधे लगाए जाएं तो झरिया को हरा भरा बनाया जा सकता है। ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि आज 17 जून को पूरा विश्व में मरुस्थल एवं सुखा निवारण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है । झरिया की धरती भी आउटसोर्सिंग के बाद मरुभूमि में तब्दील होगें है। आइए, एक एक पौधे लगा कर इस धरती को हरियाली के चादर से श्रृंगार करें । इस वर्ष का मिशन 10,000 पौधे के तहत झरिया में हरियाली लाने का प्रयास किया जा रहा है इसमें सभी वर्ग ले लोगों का सहयोग की अपेक्षा है । मौके पर डॉ एम समीर, डॉ मनोज सिंह, अखलाक अहमद, रूमी खान, रईस खान, मो नसीम, मो महताब, मो ताहा, अबू हुजैफा, माहिरा, अब्दुल हक अर्शी, अहमद आदि थे।



## सिन्दरी गायत्री ज्ञान मंदिर में सम्पन्न हुआ एक दिवसीय युवा सम्मेलन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** युवा शक्ति के निर्माण हेतु एक दिवसीय युवा सम्मेलन सिंदरी गायत्री ज्ञान मंदिर में सोमवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सुपर 50 के अंतर्गत 50 सक्रिय युवा भाई बहनों की टीम जन्म शताब्दी वर्ष तक मिशन के विचार क्रांति अभियान को हर युवा तक पहुंच सके। शांतिकुंज यूथ सेल के प्रतिनिधि नीरज महतो एवं प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ झारखंड के यूथ मोटीवेटर सुरेश कुमार यादव ने युवाओं को मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। केंद्रीय प्रतिनिधि एवं प्रांतीय प्रतिनिधि नीरज महतो एवं सुरेश कुमार, बीआईटी सिंदरी के असिस्टेंट प्रोफेसर नीरज यादव का मंत्र चादर तिलक लगाकर मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी एवं युवा टीम के द्वारा स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में धनबाद जिले के सभी शाखा के सक्रिय युवा प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई। गायत्री जयंती के शुभ अवसर पर सुपर 50 के रूप में सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी रामप्रवेश जी, शाहजी सिंह ,सिंदरी युवा प्रतिनिधि संदीप, अनूप, चंदन, रोशन, मधुरेंद्र सिंह, नरेश भट्ट, वीर जवाहर, विमल, विनोद ,महुदा गायत्री ज्ञान मंदिर के मुख्य ट्रस्टी मनोहर महतो ने भी अपना विचार व्यक्त किया।

## चतरा में गर्मी ने धारण किया विकराल रूप

### पानी का स्त्रोत पहुंचा पाताल, नगर वासी बूंद-बूंद के लिए तरसे रहे

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा नगर में नगर में इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। जिले का पारा 44 से लेकर 45 डिग्री पर पहुंच गया है। गर्मी के इस भीषण मार में शहर का इकलौता हेरूवा जलाशय पूरी तरह से सुख चुका है। ऐसे में शहरी जलापूर्ति योजना ठप हो गई है। गर्मी का ही सितम है कि ताल तलैया सुख चुके हैं। कुवां और चापानल का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। जिसके कारण पीने की पानी को लेकर शहर में हाहाकार मचा हुआ है। लोग एक दूसरे के महल्लो पर निर्भर रह रहे हैं। कई बार पानी के लिए लोगों को आपस में लड़ते भीड़ते देखा जा सकता है। शहर के अव्वल मोहल्ला पकरिया रोड मे एक जलमीनार पांच साल से बन रहा है जो आज तक पूरा भी नहीं हुआ है। इधर दुसरी ओर शहर वासियों को इस भीषण गर्मी में भी पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर नगर पालिका कार्यालय कटिबद्ध है। सभी मुहल्ले में हर संभव टेंकर से पानी मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। पीएचडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि बढ़ते गर्मी और गहराते जल संकट को देखते हुवे चतरा, हंटरगंज, गिधौर सहित अन्य प्रखण्डों में तिलैया डैम से पानी आपूर्ति किये जाने की योजना बनाई गई है। वन विभाग ने एनओसी नहीं दिया है। एनओसी मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



## बस्ताकोला 07 नंबर बस्ती पहुंची कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह, समस्याओं से हुई अवगत

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** कांग्रेस नेत्री अनुपमा सिंह रविवार की देर शाम को जनसंपर्क अभियान के तहत बस्ताकोला 7 नंबर बस्ती पहुंची। जहां लोगों ने उनका अभिनंदन कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि किस प्रकार बीसीसीएल प्रबंधन बिना पुनर्वास किए लोगों पर कहर ढा रही है। भू सधान होने की घटना और अग्नि प्रभावित होने के कारण जहरीली गैस रिसाव की समस्या बढ़ती जा रही है। लोगों की समस्यायों से अवगत होने के बाद अनुपमा सिंह ने कहा कि बीसीसीएल के अधिकारी से बात करूंगी, सकारात्मक रास्ता निकले इसके लिए प्रबंधन तथा प्रशासन पर दबाव बनाया जाएगा। मौके पर मोनिका देवी ,गुड़िया देवी, संगीता देवी, लक्ष्मी देवी, प्रमिला देवी, गुड़िया देवी, वंदना देवी ,शांति देवी, शंकर सिंह, महेंद्र पासवान, गुड्डू चौहान, महेंद्र सिंह ,अजीत कुमार, अनूप पांडे, मनोज पासवान, राजकुमार पासवान, कालू पासवान ,अशोक पासवान आदि सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।



## माता सर्वतीर्थ माता-पिता सम्पूर्ण देवताओं का स्वरूप है : अमरेश सिंह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सहयोग फाउंडेशन और विप्र सेना महिला प्रकोष्ठ की ओर से धनबाद में पहली बार धैया स्थित आमंत्रण होल में फादर्स डे, का आयोजन किया गया, जिसमें एक से बढ़कर एक प्रस्तुति बच्चों ने दी। जिसे देखकर लोगों ने काफी सराहना की। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डॉक्टर सीबी मेहता, अध्यक्ष नीतू तिवारी, झारखंड राज्य बाल संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व सदस्य सुनील वर्मा, विख्यात समाज सेवी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अमरेश सिंह,एच के पाठक, अशोक वर्मा,वैभव सिन्हा सहित अन्य ने दिया प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की शुरूआत अदिति तिवारी के गणेश वंदना से हुई। इसके बाद मिंटू ठाकुर के नेतृत्व में गोमो के बैक स्टेज संस्था ने रामू रिक्शा वाला नाटक का मंचन किया। जिसकी सभी ने सराहना की, इसके बाद जोहर चौधरी,ओम कुमार, अशोक वर्मा,एक्सट्रीम यंगस्टर की टीम ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नीतू तिवारी ने कहा की फादर्स डे, पहली बार मनाया गया है। पिता के त्याग को समझना मुश्किल है। वही डॉक्टर सीबी मेहता ने कहा संस्था की सोच काफी बड़ी हैं।वरना ऐसे कार्यक्रम कौन करता है। अशोक गिरी ने कहा की पिता के योगदान को आंका नही जा सकता है। वहीं वैभव सिन्हा ने कहा की पिता है तो सब कुछ है उनका साया उठ जाने से कैसा खालीपन महसूस होता है, इसे समझना मुश्किल है। कार्यक्रम में सभी अतिथियों को आंवला पेड़ और जय माता दी का पत्ता देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भाटडीह पुलिस ने अवैध कोयला लोड तीन ट्रैकों को किया जब्त





**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** धनबाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को देर रात भाटडीह ओपी पुलिस ने भाटडीह हीरक मार्ग से अवैध कोयला ले जाते हुए तीन ट्रैकों को पकड़ा है। इसके अलावा भाटडीह के जंगल में एक स्थान पर रखा लगभग 300 बोरी अवैध कोयला भी जप्त किया। तीनों ट्रैकों को जप्त कर भाटडीह ओपी ले गई। इस संबंध में ओपी प्रभारी बालमुकुंद सिंह ने कहा कि उच्च पदाधिकारी के निर्देश पर छापामारी अभियान चलाया गया है ,भाटडीह क्षेत्र से अवैध कोयला ले जाने की सूचना मिली थी। इस आलोक में छापामारी अभियान चलाया गया, छापामारी के तीन ट्रक पकड़ा गया है। जिसमें अवेध कोयला लोड था। पुलिस को देखते ही चालक फरार हो गया।

## सांसद ढुल्लू महतो व उनकी धर्मपत्नी ने किया निर्जला एकादशी का व्रत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** सांसद ढुल्लू महतो व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री देवी ने निर्जला एकादशी व्रत का समापन श्री राम राज मंदिर में महाआरती कर किया। इस दौरान सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। समस्त प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। साथ ही ब्राह्मण देवता को अन्न, वस्त्र, दान कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कहा जाता हैं इस दिन व्रत रखने वाले साधक भोजन और पानी का सेवन नहीं करते, निर्जला एकादशी समस्त पापों को धोने वाली मानी जाती है। कहा जाता है कि इस दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की आराधना करने से समस्त पापों का नाश होता है और मनचाहा फल प्राप्त होता है। इस एकादशी को भीमसेन एकादशी के नाम से भी जाना जाता हैं।

## जनशक्ति दल के कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने लिया भाग

- विधानसभा चुनाव में जीत मिली, तो सबसे बहले बेरोजगारों को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान कराना, हमारी पहली प्राथमिकता : सूरज महतो



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** जनशक्ति दल का महाजुटान कार्यक्रम के दूसरी कड़ी में सोमवार को काको स्थित प्रधान कार्यालय में आधी आबादी का दबदबा देखने को मिला। दूसरे दिन बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों व वार्ड के मुहल्लों से सैंकड़ों महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में जनशक्ति दल के अध्यक्ष सह बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के भावी विधायक प्रत्याशी सूरज महतो ने संबोधित किया, और हाथ जोड़कर उन्होंने महिला शक्ति को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि महिला शक्ति के कई अवतार हैं। आज के युग में नारी के बिना जीवन का तारण नहीं है। नारी जहां मां होती है, वहां बहन, पत्नी व बेटी होती है। वह हर रूप में पूजनीय है। उन्होंने कहा कि महिलाएं शक्ति का भी प्रतीक हैं। अगर वे मन में ठान लें, तो कुछ भी कर सकती है। कहा कि जरूरत पड़ने पर बुराई रूपी महिषासुर को नाश करने मां दुर्गा का रूप भी धारण कर सकती है। श्री महतो ने कहा कि बाघमारा में व्यवस्था परिवर्तन के उनकी इस लड़ाई में साथ देना होगा। श्री महतो ने जनशक्ति दल के सक्रिय महिला कार्यकताओं को अवगत कराते हुए कहा आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने 15 जून को चुनावी रणनीति की तैयारियों का शंखनाद कर दिया है।

## वार्ता के बाद यूनाइटेड कॉल वर्कर्स यूनियन का खत्म हुआ आन्दोलन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद) :** बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन कि चार सूत्री मांगो को लेकर आज अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू हुई, थोड़ी देर बाद महाप्रबंधक बरोरा क्षेत्र की ओर से अनुरोध आया कि वार्ता की जाय। इस पर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सहित सभी ने अनुरोध स्वीकार करते हुए वार्ता की । वार्ता में महाप्रबंधक ने कहा कि 15 दिनों के भितर एफडी में पास करा कर सेल पीकर मजदूरों को ल्ढउ का वेतन दिया जाएगा ,एवं सीएमपीएफ का वीवी स्टेटमेंट भी 15 दिन के भीतर देने का आश्वासन दिया। साथ ही रीजनल हॉस्पिटल बाघमारा के आकस्मिक सेवा को दुरुस्त करने का कार्य संघ के पहले बैठक के बाद कर दिया गया है, कुछ विशेष उपकरण एवं डॉक्टरों की कमी पूरा करने का प्रस्ताव भी इन्होंने कोयला भवन कार्यालय को भेज दिया है ,अभिलंब प्रस्ताव पास करा कर कार्य शुरू कर दिया जाएगा एवं अंतिम मांग डोमन महतो का ऐज असेसमेंट बोर्ड कर दिया गया है उसका निर्णय अबिलम्ब आ जायेगा तब उनकी पुन नियुक्ति कर दी जाएगी।वार्ता में मुख्य रूप से पियूष किशोर, महाप्रबंधक बरोरा क्षेत्र हेमंत कुमार हैना, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक बरोरा क्षेत्र अलीशा मिंस, कार्मिक प्रबंधक संदीप शर्मा और यूनियन की ओर से क्षेत्रीय सचिव संतोष गोराई, क्षेत्रीय अध्यक्ष एनडी पांडे ,शाखा अध्यक्ष जगदीश रवानी, राजीव प्रसाद महतो, सुरेश रवानी, शंकर पांडे आदि उपस्थित थे।

# हैवी ब्लास्टिंग के विरोध में लोगों ने किया आन्दोलन, आउटसोर्सिंग कंपनी के गुर्गों ने मचाया तांडव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोरापोखर/अलकडीहा :** बीसीसीएल एरिया के दस नंबर में एटी देवप्रभा कंपनी के गुर्गों ने सोमवार की दोपहर को जमकर तांडव मचाया। कई राउंड फायरिंग करने के साथ साथ एक व्यक्ति को गोली भी मारने की सूचना है। उसके बाद उसके गुर्गों ने मुहल्ला में घुस कर ग्रामीणों को पीटा। जिससे कई लोग घायल हो गए है। कुंभनाथ के गुर्गे घंटों भर से भी अधिक समय तक तांडव मचाते रहे। इसके बाद इस घटना की जानकारी मिलने के बाद झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह मौके पर पहुंच जांच की मांग को लेकर सड़क पर धरना पर बैठ गई। घटना की जानकारी के बाद घनुडीह पुलिस भी वहां पहुंच लोगों को समझाने में जुटी हुई है। जबकि ग्रामीण प्रबंधक कुंभनाथ सिंह और लालबाबू सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। वहीं गोली से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल को गोली लगी है या नहीं इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पायी है।

**मोहरीबांध के बेगुनाह ग्रामीणों पर कुंभनाथ सिंह के गुर्गो ने जम कर ढाया कहर**

**घटना** के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार को एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग में हैवी ब्लास्टिंग की है, जिससे आउटसोर्सिंग से उड़ी पत्थर मोहरीबांध मुहल्ला में आकर गिरी। जिसके बाद लोग इधर उधर भागने लगे। इसके बाद मुहल्ला वालों विरोध प्रकट करने आउटसोर्सिंग गए। जैसे ही मुहल्ला के लोगों को देखा, कुंभनाथ सिंह आग बबूला होकर अपने गुर्गों से सभी को मारने का आदेश दिया। गुर्गे भी मालिक की बात मान सभी ग्रामीणों पर टूट पड़े। कंपनी के गुर्गे ग्रामीणों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। उसके बाद कई राउंड गोलियां बरसाई। गोली की आवाज सुनते ही ग्रामीण इधर-उधर भागने लगे। उसके बाद भी कुंभनाथ के गुर्गों का मन नहीं भरा सभी ग्रामीणों को उसके घर तक दौड़ा दौड़ा कर पीटा।





**झरिया विधायक पूर्णिमा सिंह ग्रामीणों के संग सड़क जाम कर धरने पर बैठी**

**इसके** बाद पूरे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के संग धरने पर बैठ गई। आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर आगजनी कर सड़क जाम कर कुंभनाथ सिंह और लालबाबू सिंह की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए है। झरिया विधायक का कहना हैं इन लोगों का यही काम है हर जगह अपनी दबंगई चला रहे है। लेकिन अब उनकी दबंगई नहीं चलने दिया जाएगा। घटना के बाद पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए है।

**धनबाद सांसद ढुल्लू महतो भी मौके पर पहुंचे**

**इस** घटना की जानकारी मिलने के बाद धनबाद के वर्तमान सांसद ढुल्लू महतो भी घटनास्थल पर पहुंच ग्रामीणों से बात की। उन्होंने कहा की इस मामले में जो भीं दोषी हैं पुलिस कार्रवाई करे। निहत्थे ग्रामीणों पर बर्बरता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी के साथ साथ गुर्गों पर मामल दर्ज कर गिरफ्तार करे।

**पुलिस व सीआईएसएफ जवान के आला अधिकारी मौके पर मौजूद**

**वहीं** घटना के संबंध में सिंदरी डीएसपी का कहना है कि ग्रामीण लिखित आवेदन दे कार्रवाई की जाएगी। जांच में यह बात सामने आई है कि कंपनी के लोगों ने ग्रामीणों से साथ मारपीट की है। अभी जांच चल रही है, आगे जो मामला आएगा उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल खबर लिखे जाने तक झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह धरने पर बैठी हुई थी। विधायक और ग्रामीण दोषियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

सम्पादकीय.....

# फिर आतंकी हमले

**यह** आशंका सच साबित हो रही है कि भाजपा को पूर्ण बहुमत न मिलने पर कश्मीर में आतंकी घटनाएं बढ़ेंगी एवं पाकिस्तान पोषित आतंकवाद फिर से फन उठाने लगेगा। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में रिकॉर्ड मतदान से पाकिस्तान बौखलाया है। इसी का परिणाम है लगातार हो रहे आतंकी हमलें। इन हमलों ने आंतरिक सुरक्षा के लिये नये सिरे से चुनौती पैदा की है। जम्मू में रियासी, कठुआ और डोडा में चार दिनों में चार आतंकी हमले चिन्ता का बड़ा कारण बने है। रविवार को रियासी में श्रद्धालुओं से भरी बस के चालक पर हुए हमले के बाद बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई थी। जिसमें नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। फिर कठुआ व डोडा में हुए आतंकी हमलों में एक जवान और दो आतंकवादी मारे गए हैं। लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर कश्मीर को अशांत करने की कोशिशें तीव्र होते हुए दिख रही है। केन्द्र में गठबंधन वाली मोदी सरकार के सामने यह एक बड़ी चुनौती है। इन आतंकी घटनाओं को केन्द्र सरकार ने गंभीरता से लिया है। कुछ गिरफ्तारियां भी हुई और हथियार भी बरामद हुए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए गुरुवार को प्रधानमंत्री ने गृहमंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल व सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक की है। इसमें आतंकवाद की नई चुनौती से मुकाबले की रणनीति पर विचार हुआ है। दरअसल, नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान हुए इन हमलों में पाक की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन पाकिस्तान यह बड़ी भूल कर रहा है, क्योंकि मोदी सरकार की दृढ़ता एवं साहस को चुनौती देना इतना आसान नहीं है। फिर भी लगातार हुए आतंकी हमले चिंता तो बढ़ा ही रहे हैं। एलओसी से लगते जम्मू के इलाके में आतंकवादी घटनाओं का बढ़ना गंभीर हैं, चिन्ताजनक है। मारे गये दो आतंकवादियों के पास से पाकिस्तानी हथियार व सामान की बरामदगी बताती है कि पाकिस्तान सत्ता प्रतिष्ठानों की मदद से यह आतंक का खेल फिर शुरू कर रहा है। कहीं न कहीं दिल्ली में बनी गठबंधन सरकार को यह संदेश देने की कोशिश की जा रही है कि पाक पोषित आतंकवादी जम्मू-कश्मीर में शांति एवं अमन को कायम नहीं रहने देंगे। मैंने चुनाव से पूर्व अपनी एक सप्ताह की कश्मीर यात्रा में देखा कि केन्द्र सरकार ने कश्मीर में विकास कार्यों को तीव्रता से साकार किया है, न केवल विकास की बहुआयामी योजनाएं वहां चल रही है, बल्कि पिछले 10 सालों में कश्मीर में आतंकमुक्त करने में भी बड़ी सफलता मिली है। बीते साढ़े तीन दशक के दौरान कश्मीर का लोकतंत्र कुछ तथाकथित नेताओं का बंधुआ बनकर गया था, जिन्होंने अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिये जो कश्मीर देश के माथे का ऐसा मुकुट था, जिसे सभी प्यार करते थे, उसे डर, हिंसा, आतंक एवं दहशत का मैदान बना दिया। लेकिन वहां विकास एवं शांति स्थापना का ही परिणाम रहा कि चुनाव में लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर लोकतंत्र में अपना विश्वास व्यक्त किया। कहा जा सकता है कि राज्य में लोकतंत्र को मजबूत होते देख बौखलाहट में ये आतंकवादी हमले किये जा रहे हैं। दरअसल, केंद्रशासित प्रदेश का शांति-सुकून की तरफ बढ़ना आतंकवादियों की हताशा को ही बढ़ाता है। हाल के दिनों में रिकॉर्ड संख्या में पर्यटकों का घाटी में आना और लोकसभा चुनाव में बंपर मतदान सीमा पार बैठे आतंकियों के आकाओं को रास नहीं आया है।

## ● किसने क्या कहा



कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ व किसान उसकी आत्मा

शिवराज सिंह चौहान
केन्द्रीय कृषि मंत्री

भाजपा शासित राज्यों में नहीं बढ़ रहे पेट्रोल और डीजल के दाम

हरदीप सिंह पुरी
केन्द्रीय मंत्री



# साहित्य अकादमी पुरस्कार शक के घेरे में

विशेष — डॉ. सत्यवान सौरभ

कमाल तो यह कि तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आये हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी? प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है।

**कल** केंद्रीय साहित्य अकादेमी द्वारा 2024 के युवा व बाल साहित्य पुरस्कारों की घोषणा की सोशल मीडिया पर खबर के बाद बधाईयों के साथ- साथ, जैसे अकादेमी पुरस्कारों को लेकर हर साल होता रहा है, कोई न कोई सवाल, विवाद तो उठता ही उठता है, इस बार भी कुमार सुशांत ने प्रविष्टि की अंतिम तिथि, और उसके बाद छपी पुस्तकों पर सवाल उठाते हुए पोस्ट लिखी तो जाहिर है मामला तूल पकड़ना ही था, कई प्रतिक्रियाएं, सवालों के रूप में सामने आ रही हैं। अकादमी के किसी भी नियम में अंतिम तिथि के बाद प्राप्त किताबों पर विचार के लिए कहीं कोई विशेषाधिकार का जिक्र या प्रावधान नहीं है। नियम -३ के बिन्दु (६) में स्पष्ट लिखा है कि २४ भारतीय भाषाओं में प्राप्त सुयोग्य पुस्तकों की सूची संबध्द भाषा परामर्श मण्डल के (संयोजक सहित) सभी सदस्यों को इस अनुरोध के साथ भेजी जाएगी कि वे अकादेमी द्वारा निर्धारित तिथि तक दो पुस्तकों का अनुमोदित करें। नियम ७ - विविध के पहले पैराग्राफ में यह जरूर लिखा है कि यदि भाषा परामर्श मण्डल के किसी सदस्य या निर्णायक के द्वारा संस्तुति भेजने की समय सीमा की अनदेखी की जाती है तो अकादेमी यह मानकर चलेगी कि उसकी कोई संस्तुति नहीं है और तदनुसार अपनी पुरस्कार प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगी सिवाय उस विशेष परिस्थिति के जिसमें अकादेमी समय- सीमा को बढ़ा पाने की स्थिति में हो तथा वास्तव में उसे बढ़ाती हो। आश्चर्य की बात जिन तीन लोगों के बारे में सवालिया निशान हैं वे तीनों ज्यूरी के द्वारा रेकॉमेंडेड हैं यानी तीनों पुस्तकों की पैरवी की गई है। वाह रे साहित्य अकादमी। कमाल तो यह कि तीन पैरवी वाले लोगों में एक को पुरस्कार दिया गया है। अब ज्यूरी कितनी ईमानदार है यह सोचने वाली बात है। कहीं ऐसा तो नहीं कि लिस्ट में जितने नाम आये हैं वे सभी ज्यूरी द्वारा रेकॉमेंडेड ही हैं। कहीं ऐसा तो नहीं रेकॉमेंडेड नाम पर ही केवल विचार हुआ और जो लेखक निर्धारित समय के भीतर अपनी पुस्तक जमा किये उनकी पुस्तक पर (रिकमेंड न होने के कारण) विचार ही नहीं किया गया। लिस्ट में शामिल किस किताब को किस ज्यूरी मेंबर ने रेकॉमेंड किया क्या साहित्य अकादमी यह बतलायेगी ? प्रसिद्ध आलोचक,कवि, लेखक नवनीत पांडेय के अनुसार सवाल यह है कि अगर अकादेमी अपनी विज्ञप्ति में घोषित अंतिम तिथि में परिवर्तन नहीं करती है या बिना पब्लिक सूचना तिथि केवल निर्णायक पैनल को ही व्यक्तिशः सूचित कर तिथि बढ़ा देती है तो बात अलग है, बावजूद इसके किसी नियम में यह कहीं लिखा है कि निर्णायक मण्डल या पैनल को अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या किसी व्यक्तिगत जानकारी,सोर्स से प्रकाशित किताब को सूची में शामिल कर, करा सकता है।

यदि इन नियमों में कोई संशोधन नहीं हुआ है, यही हैं तो इनके प्रावधानों की जानकारी के बावजूद भी अगर निर्णायक मण्डल, पैनल तिथि के बाद प्राप्त, प्रकाशित किताबों पर विचार कर उसे अंतिम सूची में शामिल कर उन्हें पुरस्कार योग्य पाती है, पुरस्कार घोषित करती है तो अवश्य ही ये प्रतिभाए अप्रतिम और विलक्षण हैं, इस में संदेह नहीं होना चाहिए।

याद दिला दूँ कि साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2024 हेतु आवेदन और प्रविष्टि जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2023 थी। साहित्य अकादमी ने पुरस्कार की घोषणा के साथ जिन 12 लेखकों का नाम प्रकाशित किया है उनमें दो लेखकों की पुस्तक आवेदन की तिथि के बाद आयी है। पहले लेखक हैं शहादत और दूसरे विहाग वैभव। शहादत की पुस्तक 'कर्फ़्यू की रात' लोकभारती प्रकाशन से 2024 में पब्लिश हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के 5 महीने बाद और विहाग वैभव की पुस्तक राजकमल प्रकाशन से सितम्बर 2023 में प्रकाशित हुई यानी आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने बाद।

पाठक दोनों पुस्तक के प्रकाशन का प्रमाण गूगल में देखें। ऐसी स्थिति में साहित्य अकादमी ने इन दोनों लेखकों की पुस्तकों पर विचार कैसे किया? इन दोनों पुस्तकों का नाम अंतिम सूची में कैसे है? नियमतः तो यह अमान्य और अनैतिक है। इस विषय पर शोध करने के दौरान पाया कि पुरस्कृत लेखक की पुस्तक 30 अगस्त 2023 को प्रकाशित हुई और 31 अगस्त 2023 आवेदन की अंतिम तिथि थी। एक दिन में स्वयं लेखक महोदय पुस्तक प्रकाशक से लेकर साहित्य अकादमी के कार्यालय कैसे पहुंचा दिए? क्योंकि साहित्य अकादमी की प्रेस विज्ञप्ति में साफ-साफ लिखा है कि 'आवेदक को पुस्तक की दो प्रतियाँ स्वयं प्रमाणित जन्म प्रमाण पत्र के साथ जमा करानी होगी।' साहित्य अकादमी से अनुरोध है कि इसपर गौर फरमाया जाए और तुरन्त काररवाई करते हुए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2024 की घोषणा वापिस ली जाए। नए सिरे से पुरस्कृत युवा की नयी घोषणा की जाए। यह अन्य समर्थ युवा लेखकों के साथ ज्यादती है। यह तो बहुत गंभीर मामला है, पारदर्शिता का दावा करने वाली अकादमी के लिए बहुत ही अपमानजनक भी, लेखकों को संज्ञान लेना चाहिए, अकादमी सचिव, अध्यक्ष से जवाब तलब करना चाहिए। सुशांत जी, आपने प्रमाण सहित जो साहित्य अकादमी की पोल खोली है उस पर सभी साहित्यकारों की दृष्टि जानी चाहिए।

# कभी अपने भी दांत गिनकर देखे इंसान

गौरतलब — राकेश अचल

**दांत** निपोरने के काम भी आते हैं।निपोरने वाले दांतों को खीसें कहते हैं। खीसें निपोरना एक पालटीकल कला है। संसद और विधानसभाओं में जाने वाले तमाम लोग सिर्फ खीसें निपोर कर ही अपना कार्यकाल पूरा कर लेते हैं। संसद में खीसें निपोरने वालों की लंबी फेहरिस्त है। कुछ अभी मौजूद हैं और कुछ फोत हो गये। कुछ के दांत आंत में विलीन हो जाते हैं, नजर ही नहीं आते। मै जिन दांतों की बात कर रहा हूँ वे बहुउदेशीय होते है। दुनिया बनाने वाले ने दांत बनाते समय ही उनका काम भी तय कर दिया था शायद इसीलिए आप ये जानकर हैरान होंगे कि दाँत का काम सिर्फ किसी चीज को पकड़ना, काटना, फाड़ना और चबाना ही नहीं है।

**आज** मै एक ऐसे विषय पर आपके सामने हूँ जो प्रायः किसी विमर्श का हिस्सा नहीं होता। आज का विषय है दांत। दन्त मनुष्य के ही नहीं अपितु तमाम स्तनपायी जानवरों का एक जरूरी और महत्वपूर्ण अंग है। इसका अपना विज्ञान है । चिकित्स्क हैं, उपचार है ।कहावतें हैं ,मुहावरे हैं। मनुष्य दांतों के मामले में बहुत लापरवाह भी होता है और सजग भी । दुनिया में जब पशुओं की उम्र का पता लगाने का कोई विज्ञान नहीं था तब पशुओं के दांत गिनकर ही उनकी उम्र का पता लगाया जाता था । दांत गिनना धर्म का काम भी है और नहीं भी।

आज बकरीद है इसलिए आपको बता दूँ कि इस्लाम धर्म के अनुयायी कुबानीं के लिए बकरा खरीदते समय उसके दांत जरूर गिनते हैं, ये एक धार्मिक बाध्यता है ,क्योंकि ऐसा माना जाता है कि केवल 1 साल के बकरे की ही कुबानीं दी जानी चाहिए। इस वजह से यदि किसी बकरे के दो, चार या फिर छह दांत होते हैं तो ही उनकी कुबानीं दी जाती है। न ही नवजात और न ही बुजुर्ग बकरे की कुबानीं दी जाती है। ऐसे में यदि किसी बकरे के दांत नहीं हैं या फिर किसी बकरे के दांत दो, चार या फिर छह से ज्यादा हैं तो उसकी कुबानीं नहीं दी जाती ।

हमारे शहर ग्वालियर में एक शताब्दी पुराना पशु मेला लगता है। इस मेले में मैंने खरीदारों को गाय, बैल, भैंस, बकरी, घोड़ा यहां तक कि ऊँट के दांत गिनते देखा है। जानकार पशुओं के दांत गिनकर उनकी उम्र का अनुमान लगा लेते हैं,यानि पशु विक्रेता अपने माल की उम्र को लेकर ज्यादा ठगी नहीं कर सकता। दांत गिनना एक कला भी है और विज्ञान भी । मनुष्यों में 32 दांत होते हैं। इन्हें भी कभी गिना जाता है और कभी नहीं भी । मनुष्य के दांतों में एक दांत का नाम अक्लदाढ़ भी होता है। ये या तो निकलती नहीं है और यदि निकलती है तो बहुत कष्ट देती है। बहरहाल दांत को लेकर कहावतें हैं और मुहावरे भी । आपने दांत काटी रोटी के बारे में सुना होगा । सुना होगा कि जब दांत थे तब चने नहीं थे और जब दांत नहीं है तो चने हैं । आपने सुना होगा कि- दान की बछिया के दांत नहीं गिने जाते । हमारे यहां तो किसी को परास्त करने या छकाने के लिए भी जो मुहावरा है उसे दांत खट्टे करना कहते हैं। एक कहावत हाथी के दांतों को लेकर भी है कि- हाथी के दांत दिखाने के और खाने के और होते है।

## आज का इतिहास

- महाराणा प्रताप और मुगल साम्राज्य का शासक अकबर के बीच 18 जून 1576 को हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ।
- औरंगजेब ने 1658 में आगरा के किले पर कब्जा कर लिया।
- अमेरिका और ब्रिटेन के बीच 1812 को युद्ध शुरू हुआ।
- वाटरलू में ब्रिटेन से हारने के बाद नेपोलियन से 1815 को फ्रांस की सत्ता छीनी गई थी।
- लंदन स्थित टेम्स नदी पर 1817 में बना वाटरलू ब्रिज खोला गया।
- स्पेन ने 1837 में नया संविधान अपनाया।
- इटली में 1923 को माउंट एटना के पुन: जाग्रत होने से साठ हजार लोग बेघर हो गए।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना 1940 में हुई थी।
- तुर्की ने 1941 में नाजी जर्मनी के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किया।
- डॉ राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में 1946 को गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ था।
- हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम 1956 को पारित हुआ।
- ब्रिटिश यूरोपीयन एयरवेज का जहाज 18 जून 1972 को खुले मैदान में जा गिरा और इस हादसे में 118 लोग मारे गए।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर एवं सोवियत राष्ट्रपति ब्रेझनेव द्वारा 18 जून 1979 को साल्ट-द्वितीयद्ध समझौते पर वियना में हस्ताक्षर हुए।
- शकुंतला देवी ने 1980 में दो 13 डिजिट के नंबरों का गुणा किया और 28 सेकंड्स में सही उत्तर दे दिया।
- एम.एस.स्वामीनाथन को पहला विश्व खाद्य पुरस्कार 1987 में मिला।
- भारत और पाकिस्तान ने सियाचिन ग्लेशियर क्षेत्र में पांच वर्षीय टकराव को समाप्त करने का फैसला किया और अपनी सेना वापस ले ली।
- कोई पूर्ण बहुमत न होने के बावजूद 1991 में कांग्रेस लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी बन गई।
- बेंगलुरु में 14 वें राष्ट्रीय परिषद की भाजपा ने 1993 में हिंदुत्व को इस दिन शपथ दिलाई।

## अंकजाल - 7582

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



*अंकजाल 7581 का हल*



Jagrutidaur.com, Bangalore

## संत की उदारता

**विख्यात** संत एकनाथ जी 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने गुरु जनार्दन स्वामी के पास देवगढ़ पहुंच गए थे। गुरु ने उन्हें आश्रम के हिसाब-किताब का काम सौंप दिया। एक दिन जब एकनाथ जी ने हिसाब और रोकड़ का काम किया तो एक पाई की कमी नजर आई। खूब सोचने के बाद आखिरकार उन्हें आधी रात को एक पाई का हिसाब मिल गया तो उन्होंने उसी समय अपने गुरुजी को जाकर यह बात बताई। इस पर गुरु हंसे फिर बोले- बेटा! एक पाई की भूल मिलने से तुम इतने प्रसन्न हो और इस संसार के मायाजाल जैसी महाभूल को अपनाए हुए हो।

## सुविचार

दंड द्वारा प्रजा की रक्षा करनी चाहिए, लेकिन बिना कारण किसी को दंड नहीं देना चाहिए।
**रामायण**

शाश्वत शांति की प्राप्ति के लिए शांति की इच्छा नहीं, बल्कि आवश्यक है इच्छाओं की शांति।
**स्वामी ज्ञानानंद**

# आज मनायी जायेगी साल की सबसे बड़ी एकादशी, तिथि को लेकर न रखें भ्रांति

अध्यात्म



**जगत** के पालनहार भगवान विष्णु को एकादशी तिथि समर्पित है। हर महीने के कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर श्री हरि और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना करने का विधान है। सभी पापों की मुक्ति के लिए व्रत भी किया जाता है। ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में पड़नेवाली एकादशी को निर्जला एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस बार निर्जला एकादशी की तिथि को लेकर लोगोंद में भ्रम बना हुआ है। इस वर्ष कुछ लोग निर्जला एकादशी 17 जून को बता रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग निर्जला एकादशी 18 जून को मनाने की बात कह रहे हैं। आइए...इस लेख में हम आपको बताते हैं, निर्जला एकादशी व्रत किस दिन किया जायेगा।

पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि का प्रारम्भ 17 जून को सुबह 04 बज कर 43 मिनट से होगा। वहीं, इसका समापन 18 जून को सुबह 06 बज कर 24 मिनट पर होगा। सनातन धर्म में उदया तिथि का अधिक महत्त्व है। ऐसे में निर्जला एकादशी व्रत 18 जून को रखा जायेगा। निर्जला एकादशी व्रत का पारण 19 जून को सुबह 05 बज कर 23 मिनट से लेकर 07 बज कर 28 मिनट तक कर सकते हैं।

निर्जला एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठें और दिन की शुरूआत श्री हरि के ध्यान से करें। इसके बाद स्नान कर पीले वस्त्र धारण करें। अब मंदिर की सफाई कर गंगाजल का छिड़काव कर शुद्ध करें। चौकी पर साफ कपड़ा बिछा कर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की प्रतिमा विराजमान करें। अब उन्हें पीले रंग के फूल और गोपी चंदन अर्पित करें। मां लक्ष्मी को श्रृंगार की चीजें अर्पित करें। देशी घी का दीपक जलायें, फिर आरती करें। इस समय विष्णु चालीसा का पाठ करें। साथ ही, विष्णु स्तोत्र का पाठ और मंत्र का जाप करें। अंत में प्रभु को केला, मिठाई समेत अन्य व्यंजनों के भोग लगायें। अगले दिन पूजा-पाठ कर व्रत खोलें।

निर्जला एकादशी साल की सबसे बड़ी एकादशी के रूप में जानी जाती है। इस बार निर्जला एकादशी 18 जून 2024, दिन मंगलवार को मनायी जा रही है। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा का विधान है। मान्यता है, जो भक्त निर्जला एकादशी पर भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा अर्चना करता है, उसे अपने जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती। उसके ऊपर भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। इसके अलावा निर्जला एकादशी के दिन घर की चौखट पर एक चीज बांध दी जाये, तो मां लक्ष्मी का आशीर्वाद आपके ऊपर हमेशा बना रहेगा।

ज्योतिष की मानें, तो आप चाहते हैं कि आपको कभी धन की कमी न हो, तो आप निर्जला एकादशी के दिन यह उपाय जरूर करें। सनातन धर्म में तुलसी के पौधे को मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। इस दिन तुलसी की जड़ से जुड़ा उपाय करने से आपको आर्थिक रूप से सम्पन्न बना सकता है। मान्यता है, जो व्यक्ति तुलसी की जड़ से जुड़ा यह उपाय करता है, उसके घर कभी दरिद्रता नहीं आती। साथ ही, मां लक्ष्मी भी प्रसन्न होती हैं। यह उपाय आपके घर में आय के कई स्त्रोत बनाता है। साथ ही, आपको कर्जदार होने से भी बचाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां लक्ष्मी स्वभाव से चंचल होती हैं और उन्हें रोकने के लिए यह उपाय बहुत सहायक हो सकता है।

### करें यह उपाय

ज्योतिष के अनुसार तुलसी की जड़ को लाल कपड़े में अक्षत के साथ बांध कर घर के मुख्य द्वार की चौखट पर बांधने से घर में मां लक्ष्मी का स्थाई वास होता है। इसके अलावा आपको कभी धन की कमी नहीं होती। इसके अलावा आप अपने घर के मुख्स द्वार पर मां लक्ष्मी के चरण भी लगा सकते हैं।

### जीवन चक्र के बंधन से मुक्ति का मार्ग है एकादशी का व्रत

आमतौर पर एकादशी का व्रत करनेवाले लोग शुक्ल पक्ष की एकादशी से व्रत शुरू करते हैं। वहीं, ज्योतिष की मानें, तो इस व्रत की शुरूआत उत्पन्ना एकादशी से करनी चाहिए। मार्गशीर्ष महीने में उत्पन्ना एकादशी पड़ती है।

एकादशी का व्रत बेहद पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता के अनुसार, एकादशी का व्रत आपको जन्म-मरण के बंधन से मुक्त करता है। पूरे साल में कुल 24 एकादशी के व्रत पड़ते हैं। हर महीने के शुक्ल पक्ष में एक एकादशी और कृष्ण पक्ष में एक एकादशी पड़ती है। इन सभी एकादशियों के नाम और मत्हत्व भी अलग-अलग होते हैं। आमतौर पर एकादशी का व्रत करनेवाले लोग शुक्ल पक्ष की एकादशी से व्रत शुरू करते हैं।

वहीं, ज्योतिष की मानें, तो इस व्रत की शुरूआत उत्पन्ना एकादशी से करनी चाहिए। मार्गशीर्ष महीने में उत्पन्ना एकादशी पड़ती है। वहीं, यह पहली एकादशी मानी जाती है। ऐसे में यदि आप भी एकादशी का व्रत शुरू करना चाहते हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिये हम आपको बताने जा रहे हैं कि एकादशी व्रत की शुरूआत कैसे हुई थी, इसे कैसे रखा जाता है और कब से इस व्रत की शुरूआत करनी चाहिए।

### एकादशी व्रत की शुरूआत

एकादशी व्रत को लेकर एक कथा काफी ज्यादा प्रचलित है। कथा के मुताबिक एक बार भगवान श्रीहरि विष्णु और मुर नामक असुर का लम्बे समय तक युद्ध चला। जब भगवान विष्णु असुर से युद्ध करते-करते थक गये, तो वह बद्रीकाश्रम गुफा में जाकर आराम करने लगे। तभी मुर असुर भगवान विष्णु को खोजते हुए उस गुफा में पहुंच गया। उस दौरान भगवान श्रीहरि निद्रा में लीन थे, तो असुर ने उन्हें निद्रा में ही मारने का प्रयास किया। तब भगवान श्रीहरि के शरीर से एक देवी का जन्म हुआ। उन देवी ने मुर नामक असुर का वध कर दिया। देवी के इस कार्य से प्रसन्न होकर श्रीहरि ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि मार्गशीर्ष माह की एकादशी के दिन आपका जन्म हुआ है, इस कारण आप एकादशी के नाम से जानी जायेंगी। साथ ही, यह तिथि आपको समर्पित होगी। श्रीहरि ने कहा मार्गशीर्ष माह की एकादशी को जो व्यक्ति मेरा विधि-विधान से पूजन और व्रत करेगा, उसके सभी पाप नष्ट हो जायेंगे और मृत्यु के बाद सद्गति प्राप्त होगी। देवी एकादशी भगवान श्रीहरि विष्णु की माया के प्रभाव से जन्मी थीं, इसलिए एकादशी का व्रत करनेवाले व्यक्ति सभी तरह की मोहमाया से मुक्त हो जाते हैं और मोक्ष की ओर अग्रसर होते हैं।

### एकादशी व्रत का महत्त्व

भगवान श्रीकृष्ण ने द्वापर युग में पांडवों को एकादशी के व्रत का महत्त्व बताया था। एक बार युधिष्ठिर ने श्रीकृष्ण से कहा कि कोई ऐसा मार्ग बतायें, जो सभी दुखों और त्रिविध तापों से मुक्ति का मार्ग हो। साथ ही, हजारों यज्ञों के अनुष्ठान के समान पुण्यफल प्राप्त हों और व्यक्ति को जीवन-मरण के चक्र से मुक्ति मिल जाये। तब भगवान श्रीकृष्ण ने पांडवों को एकादशी व्रत का महत्त्व बताया था। साथ ही, इसे पूरे विधि-विधान से करने की सलाह दी थी।

### जानिए एकादशी व्रत के नियम

दशमी तिथि से शुरू होकर द्वादशी एकादशी व्रत के नियम तक चलते हैं। दशमी तिथि के सूर्यास्त के समय सात्विक भोजन कर रात में जमीन पर आसन बिछाकर सोना चाहिए। फिर सुबह जल्दी स्नान आदि कर व्रत का संकल्प लें। इसके बाद श्रीहरि विष्णु की पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करनी चाहिए।

क्षमतानुसार फलाहार लेकर या बिना फलाहार के पूरा दिन व्रत रखें। रात में भगवान नारायण का ध्यान करें और कीर्तन आदि करें। फिर अगले दिन स्नान आदि से निवृत्त होकर ब्राह्मण को भोजन करायें और उसे सामर्थ्य अनुसार दान दें। फिर ब्राह्मण के पैर छूकर आशीर्वाद लें। इसके बाद श्रीहरि नारायण का ध्यान करते हुए व्रत खोलें।

## राशिफल

**मेष** — निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**तुला** — परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृष** — अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**वृश्चिक** — अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मिथुन** — अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**धनु** — शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**कर्क** — दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**मकर** — व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी।

**सिंह** — मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कुंभ** — महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे।

**कन्या** — संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**मीन** — प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड):** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### सड़क दुर्घटना में अलग-अलग जगहों पर दो युवकों की मौत

**मेदिनीनगर** : नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नामुदाग निवाशी स्वर्गीय सरजू राम के पुत्र जितेंद्र कुमार उम्र 28 वर्ष की सड़क दुर्घटना में सोमवार की दोपहर मौत हो गई।इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की जितेंद्र नया मोटरसाइकिल खरीदा था।उसी का पूजा करवाने वह चेगौना धाम जा रहा था। इसी बीच रास्ते में डुमरी कैप के पास एक अज्ञात वाहन ने पीछे से उसे धक्का मार दिया।जिसमे वह अनियंत्रित होकर बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया।इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।वही घटना की जानकारी मिलने पर नौडीहा बाजार थाना की पुलिस छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच कर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है।वही घटना की जानकारी मिलने पर परिजन सदर अस्पताल पहुंच कर अपने देखरेख में मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव को दाह संस्कार के लिए अपने घर ले गए।वही दूसरी घटना पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सिक्की कला गांव निवासी अनीश अंसारी के पुत्र हकीम अंसारी उम्र 26 वर्ष की सोमवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि हकीम अंसारी बकरीद के दिन मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर थाना क्षेत्र के कलहुआ गांव अपने रिश्तेदार के घर गया था।इसी बीच उधर से लौटने के दौरान मंगरदहा घाटी के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगो के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहा इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 12 चक्का ट्रक के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा** : पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना मिली कि एक अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह जो किसी बड़े वाहन की चोरी की घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कोडरमा एवं हजारीबाग जिला के सीमावर्ती क्षेत्र में भ्रमणशील है। उक्त सूचना के आधार पर कोडरमा पुलिस एवं हजारीबाग पुलिस द्वारा संयुक्त विशेष टीम गठित कर संयुक्त रूप से तहतकार्रवाई किया गया। छापामारी के कर्म में दो अपराधी क्रमशः राजु रजक, पिता-लोकन राम, ग्राम-काको, थाना-जयनगर जिला कोडरमा एवं सहदूल खान उर्फ मुन्ना खान, उम्र लगभग 43 वर्ष, पिता-अब्दुल सतार साकिन अवन्तिका, सेक्टर-2 रोहिनी, नई दिल्ली को गिरफ्तार किया ।

### ईद-उल-अजहा अमन व शांति के साथ सम्पन्न

**मरकच्चो** : मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में त्याग व बलिदान का मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलम्बियों का त्याग व बलिदान का पवित्र त्योहार ईद उल अजहा ( बकरीद ) सोमवार को अमन व शांति के साथ संपन्न हो गया। बकरीद को लेकर सुबह से लोग तैयारियों में जुट गए। बच्चों में खासकर उत्साह देखने को मिला ।नए कपड़े में सजे बच्चे खूब इठला रहे थे। ईद को लेकर बच्चों ने खास तैयारियां की थी। ईद पर मिले उपहार की खुशियां दूसरों से बताने में मशगूल थे। समय पर लोगों ने मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंच गए ।प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो समेत दशारो, पपलो, शाहगंज ,कर्बला नगर, मंझला नगर, देवीपुर, दरदाही ,नावाडीह 1, खरखार, ताराटांड़ ,महूँगाय, विंडोमोह , महुआटांड़, मुरकमनाय खेशमी समेत कई मुस्लिम बहुल इलाकों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा की नमाज पढ़ी। मौके पर लोगों ने देश में अमन ,भाईचारगी और मुल्क की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के उपरांत सभी मुस्लिम भाई आपसी गीले शिकवे भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। इसके बाद लोगों ने अपने अपने घरों में बकरे की कुबार्नी दी।

# अकीदत के साथ अदा की गयी बकरीद की नमाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**महुआडांड़/लातेहार** : उल अजहा (बकरीद) त्यौहार को लेकर सोमवार की सुबह से ही लोग नहा धोकर नए कपड़े पहन कर नमाज अदा करने के लिए मस्जिद के ओर रवाना हो गए। त्योहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। महुआडांड़ के जामा मस्जिद गौसिया मस्जिद व मदीना मस्जिद में अकीदत के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईद उल अजहा (बकरीद) की नमाज अदा की। इस दौरान जामा मस्जिद में ईमाम मौलाना रेयाज साहब,मदीना मस्जिद में इमाम खालिक साहब गौसिया मस्जिद में इमाम गुलाम सरवर फैजी के द्वारा नमाज अदा कराई गई। नमाज से पूर्व सभी मस्जिदों के इमाम के द्वारा उपस्थित लोगों को उल अजहा (बकरीद) के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।जामा मस्जिद के इमाम रेयाज साहब ने कहा कि ये दिन कुबार्नी का दिन है।इस दिन जो मालदार है कुबार्नी देने की हैसियत रखतें हैं सभी को कुबार्नी देनी चाहिए।जब अल्लाह ने इब्राहिम अलैहिस्सलाम से सबसे प्यारी चीज की कुबार्नी मांगी तो तो उन्होंने ने अल्लाह के राह में अपने प्यारे बेटे इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुबार्नी देने के लिए निकल पड़े।जब उन्होंने ने इस्माइल अलैहिस्सलाम को कुर्बान करना चाहा तो अल्लाह ने उस स्थान पर एक दुम्बे (दुम्बा एक जानवर होता है) को मौजूद कर दिया और इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने दुम्बे को अपने हाथों से कुबार्नी दे दी। अल्लाह को इनका कार्य इतना फसंद आया की इस दिन को मुसलमानों के लिए कुबार्नी का दिन मुकर्रर कर दिया।इब्राहिम अलैहिस्सलाम को जो अल्लाह के तरफ से हुक्म हुआ था उसके लिए उन्होने अपने प्यारे बेटे को कुर्बान करने से भी गुरेज नहीं किए। हमलोगों को भी इस बात से अपना जायजा लेना चाहिए कि हम अल्लाह के राह में कितने खरे उतरते हैं। हमें भी चाहिए कि अल्लाह के राह में अपनी प्यारी चीजों की कुबार्नी दे।साथ ही साथ हमें हमारे अंदर जो बुराई जैसे झुठ, गीबत, चुगली,दुसरे का दिल दुखाना, समेत अन्य तरह के बुराई

## धूमधाम से मनाया गया त्योहार, अदा की गयी विशेष नमाज, पुलिस प्रशासन रही मुस्तैद

**मेदिनीनगर** : शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में इस्लाम धर्मलंबियों ने ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार उत्साह के साथ मनाया। सोमवार की सुबह में शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों में विशेष नमाज अदा किया और बकरे की कुबार्नी दी। मुस्लिम धर्मावलंबी त्योहार को पिछले कुछ दिनों से तैयारी जोर शोर से कर रहे थे। सोमवार को सुबह से ही अकीदतमंद स्नान कर साफ कपड़े पहनकर मस्जिद पहुंचे। निर्धारित समय पर ईद उल अजहा की विशेष नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व तकरीर हुआ और इस दौरान बकरीद त्योहार मनाने और कुबार्नी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। मेदिनीनगर शहर के जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, मिल्लत मस्जिद, नूरी मस्जिद, मदीना मस्जिद, मस्जिद ए हेरा, मदरसा अहसनुल उलूम, मोहम्मदी मस्जिद, अहले हदीश मस्जिद में विशेष नमाज अदा की गई। मुल्क की सलामती के लिए दुआ मांगी गयीःबाद-ए-नमाज लोगों ने अपने पूर्वजों के कब्र पर जाकर भी इबादत की। विशेष नमाज के दौरान अल्लाह से मुल्क की सलामती एवं शांति के लिए दुआ किया गया।

## सिसई के एक मजदूर का शव सडक के किनारे संदेहासपद स्थिति में मिलने की सूचना



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : गुमला जिला के सिसई थाना क्षेत्र के चट्टी टोली बरगांव का मजदूर युवक अकालेशवर उरांव का मौत संदेहास्पद स्थिति में हिमाचल प्रदेश के धर्मरमापुर के नुनडार जिला सोलन में बीते रात हो गया है। जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर कुछ दिन पहले ही मजदुरी करने हिमाचल प्रदेश गया था और देहाड़ी के अनुसार लोकल में काम करता था। मजदूर का शव उसके रुम से लगभग 1 किलो मीटर की दुरी पर सड़क किनारे मिला है। इधर जैसे ही इसकी जानकारी परिजनों को मिला परिजनों ने पुरे मामले को लेकर तथा शव मंगवाने में सहयोग करने के लिए मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान से आजाद बस्ती रजा कलौनी प्रदेश कार्यालय में आ कर मिले तथा शव मंगवाने की गुहार लगाया है। तथा मौत का असली वजह क्या है इसकी उचित जांच पड़ताल कराने की गुहार लगाया है। उधर शव को हिमाचल प्रशासन ने अपने कब्जे में ले कर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मौत का कारण का पता करने में जुड़ गया है। इधर मौत की खबर जैसे ही गांव में मिला परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है

## पानी है कुदरत की नेमत, कैसे बना रोजगार

## पानी हासिल करने की लड़ाई खेतों में भी खूब लड़ी जाती रही है



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू में प्रचंड गर्मी में पानी को लेकर हैण्ड चापानल भी लोगों को जबाब दे दिया है। हर जगह चापानल मुंह बाएं दिखाई दे रही है। गर्मी चरम पर है। पानी को लेकर शहर सहित जिलेभर में हाहाकार मचने की खबरें आ रही हैं।नगर निगम द्वारा टैंकरों से आ रहे पानी भरने को लेकर लोगों की आपस में तु तू मे में भी हो रही है।मगर देखने वाली बात यह है कि पानी की इतनी खराब स्थिति होने के बावजूद भी बबार्दी नहीं थम रही है। रिपोर्ट के अनुसार, नदी तालाब कुएे जलाशयों का लगभग 68 फीसदी पानी खत्म हो चुका है। जाहिर सी बात है कि पानी की किल्लत से इसकी कीमत भी बढ़ेगी। कीमत कौन दे पाएगा, क्या आपने सोचा है कि पानी पर किसका हक रह गया।पानी है कुदरत की नेमत, कैसे बना रोजगार,दुनिया में भारत की पहचान पानी से लबालब देश के रूप में है। यहां हर साल इतनी बारिश होती है कि सभी की प्यास बुझाई जा सकती है। लेकिन पानी जैसे कुदरती संसाधन को कैसे कारोबार में तब्दील किया गया। इसे बहुत आसानी से समझा जा सकता है। पहले कुओं के पानी को गंदा बताया गया और उसकी जगह हैंडपंप ने ले ली। हैंडपंप की खुदाई और जब तब उसकी मरम्मत को लेकर खर्च आपकी लिस्ट में शामिल हो गया।

## ऑर्ट ऑफ गिविंग, लातेहार ने सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया फल का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : सदर अस्पताल में आर्ट ऑफ गिविंग, लातेहार शाखा के सदस्यों द्वारा सोमवार को मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। ऑर्ट ऑफ गिविंग कि केंद्रीय शाखा के निदेशानुसार इस वर्ष देश विदेश में एक साथ दिनांक- 17 जून को आर्ट ऑफ गिविंग दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। ज्ञात हो कि विगत कई वर्षो से प्रो० डॉ० अचुता सामन्त, संस्थापक किट विश्वविद्यालय किस्स एवं आर्ट ऑफ गिविंग से प्रेरित होकर सभी सभी समुदाय, शुभचिंतकों और आर्ट ऑफ गिविंग से प्रेरित लोगों के द्वारा 17 मई को इसे अंतरराष्ट्रीय आर्ट ऑफ गिविंग दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष लोक-सभा चुनाव 2024 से प्रभावित होने के कारण इस इसे 17 जून 2024 को आयोजित किया जा रहा है।

## इंडी गठबंधन का दुष्प्रचार नहीं आया काम : बाबूलाल मरांडी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार** : लोकसभा चुनाव के दौरान इंडी गठबंधन द्वारा भाजपा का सरकार बनने के बाद संविधान बदले जाने एवं आदिवासी मूलवासी के आरक्षण समाप्त करने जैसे दुष्प्रचार बढ़ चढ़कर किया गया। उक्त बाते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गारू मे आभार यात्रा में कही। बाबूलाल मरांडी गारू प्रखंड के कुई गावं पहुचे थे जहा लोकसभा चुनाव 2024 में कुई गांव के बूथ पर बीजेपी को सर्वाधिक 82 प्रतिशत मत प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता एवं मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विपक्षी दल दुष्प्रचार कर चुनाव जीतने का प्रयास किया मगर चतरा के मतदाताओं ने नकार दिया। उन्होने कहा कि इस चुनाव में राज्य सरकार के 11 मंत्री अपने विधान सभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन को आगे नहीं रख पाए जो सरकार की नाकामी साफ झलकती है। चंपई सोरेन की सरकार राज्य का विकास नही अपने निजी स्वार्थ एवं निजी विकास मे लगे है। मंत्री के चपरासी के घर से नोटो के पहाड़ मिल रहे है ये भ्रष्टाचार मे लिप्त होकर यहां के लोगों का विकास रोक रहे है। उन्होंने कई गांव के मतदाताओं एवं बुथ कमिटी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव के तैयारी मे लग जाए। इससे पुर्व एसटी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो, मुखिया सुनेश्वर सिंह, बुथ अध्यक्ष रमेश सिंह ने बाबूलाल मरांडी का अंग वस्त्र से समानित किये। मौके पर जिला प्रभारी मुकेश निरंजन सिंहा, जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, मण्डल महामंत्री संतोष यादव,मुखिया सुनेश्वर सिंह, शिवशंकर सिंह, मंगल उरांव, रामकुमार उरांव, प्रमुख सीता देवी, संजय सिंह, समेत काफी संख्या महिलाएं समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## कूड़े के ढेर पर रोटी के जुगाड़ में गुजर रहा है बचपन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : एक तरफ देश में बुलट ट्रेन की नीव पड़ चुकी है।लेकिन आज भी बच्चे कूड़े के ढेरों पर कूड़ा बीनते दिखाई पड़ जाते हैं। शहर में कई जगहों पर बच्चे अभी तक स्कूल नहीं जा पा रहें हैं। लेकिन सरकारी दावे ऐसे कि पूछो मत। विचारणीय तो यह है कि क्या सच में हमारी सरकारें गरीब,अभाव ग्रस्त नौनिहालों को उनकी मूलभूत आवश्यकता शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन को अभी भी समय पर मुहैया कराने में सफल रही हैं। नन्हें-मुन्ने बच्चे कचरे के ढेर से न केवल रोटी की जुगाड़ में अपना बचपन खो रहे हैं बल्कि तरह तरह के घातक रोगों का शिकार होकर असमय काल के गाल में भी शमा रहे है।यही ही नहीं बल्कि अन्य कई क्षेत्रों में भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिल सकती है है,यहां आज भी सड़कों पर, गली-मोहल्ले में दर्जनों बच्चों को कबाड़ चुनते-बीनते हुए आसानी से देखे जा सकते है। ये बच्चे शहर के सड़े-गले कूड़े की बड़े-बड़े ढेरों में से शीशा, प्लास्टिक, लोहा, कागज व गत्ता आदि ढूंढने के लिए पूरे दिन सड़कों पर,गली-मोहल्लें में घूमते नजर आ जाते हैं।कचरे की ढेर में जिदंगी तलाशने वाले के ये बच्चे या तो स्कूल छोड़ देने वाले होते हैं या फिर माता-पिता द्वारा जबरन कबाड़ा चुनने के काम में लगा दिए जाने वाले होते हैं।जब कूड़े से कबाड़ बिनने वाले बच्चों से मिलकर हमने उनकी आप बीती व इस काम में लिप्त रहने की बजह जानने का प्रयास किया तो कहीं कहीं बड़ी पीड़ा जनक स्थिति भी सामने आयी बहुत से बच्चों का कहना था कि जिस दिन वे कबाड़ बिनने नहीं जाते उस दिन उनके परिजनों द्वारा प्रताड़ित किया जाता है । इतना ही नहीं इनमे कुछ बच्चे यह भी बताते हैं की कभी कभी गली-मोहल्लें में कबाड़ा बिनने के लिए जब वो जाते हैं तो वहां के लोग भी उन्हें चोर समझ कर पीट भी देते है

## जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनायी गयी बकरीद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : ईद - उल - अजहा (बकरीद) का पर्व जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में धूमधाम से मनाया गया ।जिले के सभी मस्जिद और ईदगाहों में ईद - उल - अजहा की नमाज अदा की गई, नमाज के दौरान क्षेत्र में अमन - चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी।इस्लाम धर्म के प्रमुख त्योहारों में एक ईद उल अजहा की नमाज पर्व को लेकर मुस्लिम बहुल गांवों में शुबह से ही काफी चहल पहल देखी गई।

**जिला पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के किए थे पुख्ता इंतजाम**

ईद - उल - अजहा (बकरीद) पर्व पर नमाज के दौरान शहर और ग्रामीण इलाकों में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। इस दौरान मस्जिद की सुरक्षा को लेकर पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनके निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों ने पुलिसकमीर्यों के साथ काफी मुस्तैद दिखे।

## पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में हुआ रेल हादसा मोदी सरकार की लापरवाही का सबूत : फिरोज आलम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : जिला कांग्रेस महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि एक तरफ देश में रेल हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे, वहीं दूसरी तरफ रेल मंत्री सारी जिम्मेदारियों से दूर रेलवे के खोखले ढफऔर रील बनाने में व्यस्त हैं। मोदी सरकार में रेलवे की सुरक्षा के लिए दावे और प्लानिंग तो बहुत की गई, लेकिन उसकी आड़ में नेताओं और अधिराकियों ने सिर्फ मलाई खाई है। इन्हीं में से एक राष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष यानी कि फ्र्रड है, जिसे साल 2017 में बनाया तो यात्रियों की सुरक्षा के लिए गया था, लेकिन इसमें आवंटित फंड का इस्तेमाल अधिकारी अपनी सुविधाओं पर करते हैं। रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए ह्यराष्ट्रीय रेल संरक्षा कोष (फ्र्रड) बनाया। इसमें 5 साल के लिए 1 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। टैक्स पेयर्स के इस पैसे का इस्तेमाल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए किया जाना था, लेकिन रेलवे के अधिकारी इस पैसे को खुद पर खर्च कर रहे हैं। ये हम नहीं कह रहे बल्कि साल 2021 में आई की रिपोर्ट में बताया गया है। रपिोर्ट में कहा गया- इस फंड का इस्तेमाल गैर-जरूरी चीजों पर कयिा गया। अब इन गैर-जरूरी चीजों की लस्टि देख लिजिए ... ड्ट फुट मसाजर. जैकेटफर्नीचर .महंगी क्रॉकरी. किचन का सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण,लैपटॉप इतना ही नहीं... इस फंड से अधिकारियों के लिए बनाए गए घरों, हॉस्टलों में निर्माण कार्य भी कराया गया।

## संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी की गयी आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : विश्व मरुस्थली करण एवम सुखा निवारण दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कि संचालन संजय कुमार ने किया।मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि वनों पर मानव की बढ़ती निर्भरता तथा उनकी गुणवाता में धीरे धीरे हराश के कारण आज सम्पूर्ण विश्व में बढ़ते मरुस्थली की समस्या का सामना कर रहा है इस कारण हवा एवम जल का प्रदूषण हो रहा है मरुस्थली करन बढ़ने से जहा एक तरफ पानी की समस्या उत्पन हो रही है वही दूसरी तरफ भूमि की उर्वरता कम होने से खाद्यान के उत्पादन में कमी हो रही है विषेश कर झारखंड राज्य में आज की यह परितीथी हमारे जीवन तथा अन्य जीव जंतुओं के लिए खतरे का घोटत है जल एवम खाद्य पदार्थ जैसे आधार भूत तत्वों में कमी आने से हम मानव जीवन का अस्तित्व संकट में आ जाएगा वन विभाग के द्वारा मरुस्थली करण को कम करने के लिए निरंतर विभिन कार्य किया जा रहा है किंतु इसमें आम नागरिकों को विशेष कर ग्रामीण भाइयों बहनों को भी अधिक जागरूक होने की आवश्यकता है।

# आदेश, समर्पण व बलिदान का पावन त्योहार ईद-उल-अजहा की हुई विशेष नमाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र के मस्जिदों एवं ईदगाह में मुस्लिम धर्म व लंबियों ने अकीकदत और एतेराम के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा किया, और देश और शहर में अमन और शांति के लिए विशेष दुआ किया गया। इस मौके पर सिसई रोड स्थित ईदगाह में दिन के ठीक 8:00 जामा मस्जिद के इमाम जनाब ऐनाम रब्बानी साहब ने एक बड़ी जमात को नमाज पढ़ाई उन्होंने इस मौके पर कहा कि आज हम सब अल्लाह के प्यार पैगंबर हजरत इब्राहिम अलेही वसल्लम के द्वारा पेश किया गया महान कुबार्नी की याद में मना रहे हैं क्योंकि अल्लाह को सबसे ज्यादा कुबार्नी पसंद है कुबार्नी का मतलब सिर्फ जानवर को कुर्बान करना नहीं बल्कि हम सबको इस मौके पर सीख लेने की आवश्यकता है हमें अपने आचार, विचार ,आचरण को ठीक रखना है एक दूसरे के प्रति घृणा द्वेष बदला भेदभाव नहीं रखनी चाहिए हम सभी को अपनी जिंदगी अल्लाह के बताए हुए दीन ए मोहम्मद के सुन्नत पर अमल करके गुजरने की जरूरत है हम जैसा कर्तव्य करेंगे उसका फल भी हमें वैसा ही मिलेगा हम सबको पता है कि हजरत इब्राहिम अलैहि वसल्लम ने अपने प्यारे इकलौता पुत्र पैगंबर हजरत इस्माइल अलैहि वसल्लम को अल्लाह की राह में जो कुबार्नी पेश किया है वैसा कुबार्नी रहते दुनिया तक कोई पेश नहीं कर सकता इस कुबार्नी में समर्पण ,त्याग ,और बलिदान का जो नमूना पेश किया गया है वह अमूल्य है। इसे नहीं बुलाया जा सकता इस मौके पर उन्होंने दुनिया में रहने वाले सभी जाति धर्म के रहने वाले मनुष्यों के लिए शांति और अमन के लिए दुआ किया ईद उल अजहा की नमाज को लेकर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आदमी सेक्रेटरी मकसूद आलम तथा अंजुमन से संबंधित तमाम नौ पंचायतों के पदाधिकारी खासकर मोहम्मद लड्डुन कलीम अख्तर, अफसर आलम, शहजाद अनवर नसीम खान, सरवर मास्टर, मोहम्मद मेराज मोहम्मद कौसर इरफान अली शकील खान मोहम्मद इलियास आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा शहर गुमला में लगभग दर्जन भर जगह पर ईद अल-आधा की नमाज अदा की गई सबसे पहले जमात सुबह 5:45 बजे मस्जिद फैजान ए राजा हुसैन नगर गुमला में मौलाना अशरफ राजा ने पढ़ाई दूसरी जमात 6:00 बजे दिन में तीन स्थानों पर क्रमशः पहल मस्जिद रजा ए मुस्तफा में जब समीर राजा साहब ने दूसरा मदरसा इस्लामिया फैज ए आम सिसई रोड गुमला में हाफिज रुस्तम साहब तथा तीसरा मस्जिद ए होदा में कारी आफताब साहब ने पढ़ाई इस तरह 6:15 बजे तीन स्थानों पर पहला, मस्जिद राजा ए हबीब गौस नगर गुमला में जनाब तनवीर हसन सब ने दूसरा मस्जिद गौसुल वारा आजाद बस्ती गुमला में हाफिज सद्दाम हुसैन साहब ने नमाज पढ़ाई इस प्रकार 6:30 बजे तीन तीन मस्जिदों में पहले मस्जिद ए जैनब राजा कॉलोनी गुमला में कारी मसीहुद्दीन साहब दूसरा गौसिया मोती मस्जिद गुमला में हाफिज जाहिद राजा साहब तथा तीसरा कादरिया मस्जिद चांदनी चौक गौस नगर गुमला में मुफ्ती काशिद राजा नीमी साहब की इमामत में नमाज अदा की गई इस प्रकार 7:30 बजे दो स्थानों पर पहले मक्का मस्जिद सिसई रोड गुमला में कारी शोएब आलम साहब तथा मदीना मस्जिद आजाद बस्ती गुमला में मौलाना हबीब साहब ने और अंतिम बकरा ईद की नमाज गुमला में 8:15 बजे स्थानीय जमा मस्जिद थाना रोड गुमला में जनाब हाफिज इरशाद साहब ने पढ़ाई जिला प्रशासन के तरफ से ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था की गयी थी।

## एक झलक

### स्पीड ब्रेकर पर बाइक स्किट करने से महिला समेत दो घायल

**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत शालदोहा गांव के समीप सोमवार को चाकुलिया-माटिहान मुख्य सड़क पर बने स्पीड ब्रेकर पर बाइक स्किट करने पर सड़क पर गिर कर दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक पर एक पुरुष व महिला पश्चिम बंगाल के डुमरिया से अपने ससुराल जगन्नाथपुर आ रहे थे। चाकुलिया-माटिहाना मुख्य सड़क पर शालदोहा के समीप बने स्पीड ब्रेकर पर संतुलन खो जाने से बाइक स्किट करने पर दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों घायलों को निजी वाहन से चिकित्सा के लिये पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ले जाया गया। जिसमें महिला की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

### साइकिल सवार युवक की मौत

**सरायकेला :** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चौका थाना क्षेत्र के झाबरी के सामने तेज रफ्तार 407 ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई. मृत युवक की पहचान चौका थाना क्षेत्र के पोड़का टोला रांगाडीह निवासी 30 वर्षीय दुलाल मांझी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार युवक साइकिल से अपने तीन-चार दोस्तों के साथ गौरडीह स्थित पोल फैक्ट्री में काम करने जा रहा था। इसी दौरान रांची की ओर से तेज गति से आ रहे 407 ट्रक ने युवक को पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे और चौका थाना को घटना की सूचना दी। मौके पर चौका थाना की पुलिस पहुंची और पुलिस जीप से घायल को इलाज के लिए चांडिल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया।

### टेल्को में उड़िया समाज ने मनाया रजो पर्व

**जमशेदपुर :** उड़िया समाज की महिलाओं ने टेल्को में रजो पर्व मनाया। कार्यक्रम की आयोजक सुजाता विस्वाल ने महिलाओं को रजो पर्व के बारे में जानकारी दी और कहा कि रजो पर्व मुख्यत: खेती पर जीवित रहने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण है। रजो पर्व के बाद ही मानसून के लिए खेती शुरू किए जाने की परंपरा है। यह पर्व प्रकृति और धरती माता की अराधना के साथ ही संरक्षण का संदेश देता है। कम से कम तीन दिन तक पेड़ नहीं काटे जाते हैं, किसी भी तरह का ऐसा काम नहीं होता है, जिससे पृथ्वी का क्षरण हो। मौके पर रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम भी आयोजन हुआ।

### प्लेटफार्म नंबर एक पर लगेंगे और पंखे

**जमशेदपुर :** टाटानगर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर और चार पंखे लगेंगे। मई की स्टेशन इंप्रूमेंट ग्रुप के निरीक्षण में यह आदेश हुआ था। इधर पार्सल स्कैनर मशीन लगने पर चक्रधरपुर मंडल वाणिज्य अधिकारी के आदेश से दो पंखा शनिवार को लग गया, ताकि रेलवे के ग्रहक व एजेंसी के कर्मचारी को दिक्कत न हो। जबकि यात्री सुविधा के मद्देनजर एस्केलेट के पास दो पंखे जल्द लगनाने का आदेश है। दूसरी ओर, टाटानगर स्टेशन पर जल्द ही यात्री सुविधा में छह नई वाटर कूलर मशीन लगेंगे। रेलवे को विभिन्न सामाजिक संस्था स्टेशन के लिए वाटर कूलर मशीन देने को तैयार हैं। चक्रधरपुर मंडल से एनओसी मिलने का इंतजार है।

### एमजीएम: व्हीलचेयर पर ही मरीज को चढ़ा स्लाइन

**जमशेदपुर :** एमजीएम अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में बेड की व्यवस्था मरीजों की भीड़ से अस्त-व्यस्त हो गई है। स्थिति यह है कि सोमवार को इमरजेंसी में 7 मरीजों को जहां स्ट्रेचर पर रखा गया था। वही नीमडीह निवासी परिमल कुंभकार को व्हील चेयर पर बैठकर डॉक्टर सलाइन चढ़ा रहे थे। जबकि उसके शरीर में सर चक्कर और हाथ पांव झनझनाने के कारण बैठने की भी शक्ति नहीं थी। बताया जाता है की ओपीडी बंद होने के कारण सोमवार को इमरजेंसी में मरीजों की संख्या बढ़ गई। दोपहर में 12 बजे तक सौ से ज्यादा मरीज का इलाज सिर्फ इमरजेंसी में हुआ है।

# मस्जिदों में अदा की गयी ईद-उल-अजहा की नमाज



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चक्रधरपुर :** ईद-उल-अजहा का त्योहार सोमवार को चक्रधरपुर व आसपास के क्षेत्रों में मनाई गई।इस अवसर पर चक्रधरपुर की 16 मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह उठकर फजर की नमाज अदा की। चक्रधरपुर के राजबाड़ी रोड स्थित जामा मस्जिद में सबसे ज्यादा भीड़ रही। लोगों ने नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी और गले मिलकर एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मस्जिदों में नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान पहुंचे जहां पूर्वजों के हक में दुआ मांगी गई। इस अवसर पर चक्रधरपुर के जामा मस्जिद, वार्ड संख्या छह स्थित छोटी मस्जिद, अंसार नगर स्थित मस्जिद-ए-रजा, बंगलाटांड स्थित मदीना मस्जिद, चांदमारी स्थित लोको मस्जिद, मिल्लत कॉलोनी स्थित मस्जिद-ए-उमर, चोंगासाई स्थित नूरी मस्जिद, दंदासाई स्थित नूरानी मस्जिद, पोटका स्थित मस्जिद, वार्ड संख्या छह स्थित मस्जिद-ए-नूर, मंडलसाई स्थित मस्जिद-ए-शम्सी, सिमीदीरी स्थित मस्जिद, देवगांव स्थित मस्जिद में नमाज अदा की गई। विधि व्यवस्था को लेकर मस्जिदों के बाहर दंडाधिकारी के साथ पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी। चक्रधरपुर के पवन चौक के समीप थाना प्रभारी राजीव रंजन स्वयं मोर्चा संभाले हुये थे।

## मस्जिदों में अदा की गई बकरीद की नमाज



**जमशेदपुर :** डुमरिया प्रखंड के बड़ाकांजिया मस्जिद में सोमवार को बकरीद की नमाज अदा की गई. बड़कांजिया स्थित मस्जिद ए हस्नैन में मौलाना रुकमुद्दीन ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों एक दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई दी। डुमरिया और नयाग्राम स्थित मस्जिदों में भी बकरीद की नमाज अदा की गई। इस दौरान डुमरिया थाना प्रभारी सुगना मुंडा मस्जिदों में जाकर लोगों से मिले। प्रखंड की तीनों मस्जिदों में शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद मनाया गया। बच्चों ने भी एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

## ईदगाह में नमाज अदा कर गले मिल कर दी बधाई



**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को कुबार्नी का त्योहार बकरीद बड़ी धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर चिंगड़ा ईदगाह में सुबह 7:00 बजे, बहरागोड़ा ईदगाह में 8:00 तथा माटिहाना ईदगाह पर 7:00 बजे बकरीद की नमाज अदा की गई. नमाज पढ़ने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर बकरीद की शुभकामनाएं दी. बहरागोड़ा के ईदगाह में मौलाना रब्बानी के नेतृत्व में सभी मुस्लिम भाइयों ने नमाज पढ़ी.

## एक दूसरे से गले मिले और मुबारकबाद दी



**चाईबासा :** बकरीद के अवसर पर सोमवार को शहर के ईदगाह समेत पांच स्थानों पर नमाज अदा की गयी। जिसमें ईदगाह, जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, आसरा मस्जिद और सदर बाजार मस्जिद शामिल है। मदीना मस्जिद में सुबह 6 बजे, ईदगाह में सुबह 6:15 बजे, जामा मस्जिद में सुबह 6:30 बजे ,सदर बाजार मस्जिद में सुबह 6:45 और आसरा मस्जिद में सुबह 7:00 बजे बकरीद की नमाज अदा की गयी। मदीना मस्जिद में मौलाना अमातुल्लाह हबीबी, ईदगाह में मौलाना साजिदुल कादरी, जामा मस्जिद में मौलाना ताहा हुसैन, सदर बाजार मस्जिद में मौलाना एहतेशाम और आसरा मस्जिद में हाफिज शौकत अली बकरीद की नमाज की नमाज पढ़ाई।

## सौहार्द के साथ मनायी गयी बकरीद



**जामताड़ा :** जामताड़ा व आसपास के क्षेत्रों में सोमवार को बकरीद उल्लास व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई. मुस्लिम समाज के लोगों ने सुबह में मस्जिदों व ईदगाहों में समूहिक नमाज अदा कर सुख, शांति व खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। त्याग और समर्पण के प्रतीक स्वरूप बकरों की कुर्बानियां दी गईं। इस मौके पर जामताड़ा के न्यू टाउन स्थित ईदगाह, पाकडीह, सरखेलडीह ईदगाह, मियांडीह, बुधुडीह, नाराडीह, बेवा, धनबाद, चिरूनबांध, शहरपुरा, मोहड़ा, पोसोई सहित अन्य ईदगाहों में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी। पर्व को लेकर सुबह से ही मुसलमानों में उत्साह देखा गया। नए कपड़े पहनकर लोग ईदगाह और मस्जिदों में जमा होने लगे थे। पाकडीह व सरखेलडीह ईदगाह में इमाम मौलाना अख्तर रजा ने कहा कि ईद उल अजहा बलिदान और संयम का दिन है। इस्लामी कैलेंडर के अंतिम माह जिलहिज्जा की दसवीं तारीख को यह पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कुबार्नी आत्मा को शुद्ध करने का एक उत्तम साधन है। कुबार्नी में इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि दिखावे के लिए न हो। हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलेही सलाम की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे।अल्लाह को यह अदा काफी पसंद आई। इसके बाद सभी लोगों ने त्याग एवं समर्पण के प्रतीक स्वरूप बकरे की कुबार्नी दी गई। इस दौरान जामताड़ा विधायक डॉ। इरफान अंसारी, भाजपा नेता वीरेंद्र मंडल, झामुमो केंद्रीय कमेटी के सदस्य अशोक मंडल, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपिका बेसरा, आजसू नेता तरुण गुप्ता सहित अन्य नेताओं ने मुस्लिम बस्तियों में जाकर बकरीद की बधाई दी। इस सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

## नमाज के बाद एक-दूसरे को दी बधाई, उत्साह का माहौल

**सरायकेला :** मुसलमानों के पवित्र त्योहारों में से एक बकरीद सोमवार को आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में पूरे उत्साह के साथ मनाई गई. लोगों ने निर्धारित समय के तहत ईदगाह और मस्जिदों में सामूहिक रूप से ईद- उल- अजहा की नमाज अदा की और एक-दूसरे को बकरीद की बधाइयां दीं। ईद-उल-अजहा के बारे में ईदगाह के सदर मो। यूनुस खान कहते हैं कि इस्लाम की मान्यता के अनुसार ईद के 70 दिन बाद ईद-उल-अजहा यानी बकरीद मनाई जाती है। इस दिन सबसे प्रिय वस्तु के कुबार्नी देने की परंपरा रही है। बकरीद मनाने के पीछे हजरत इब्राहिम के जीवन से जुड़ी एक बड़ी घटना है। बकरीद को लेकर आदित्यपुर पुलिस भी मुस्तैद रही। सुबह से ही ईदगाह और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। बकरीद की नमाज अदा की। इसके बाद कुबार्नी दी। वहीं लोगों ने जिला प्रशासन की तैयारियों की सराहना की।



## उत्कलमनी गोपबंधु दास की 97वीं पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जमशेदपुर।** मऊभंडार स्थित टुमांगडूंगरी उत्कल क्लब परिसर में सोमवार को उत्कलमनी गोपबंधु दास की 97वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा पंडित गोपबंधु दास दार्शनिक, समाजसेवी, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् के साथ ही समाज निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा कर अपनी कार्यशैली से अपनी पहचान प्रतिष्ठित की थी। आज ओडिसा में विश्वविद्यालय,



महाविद्यालय, विधानसभा सचिवालय, विभिन्न शहरों में उनकी प्रतिमा स्थापित है। युवा पीढ़ी को उनकी जीवनी के बारे में जानकारी लेने की जरूरत है। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रताप दास, कमल दास, शंभू गोप, गोनू नामता, बंधु गोप, मनमत जाना, मनीष कर्मकार, निकू बेहरा, सुब्रत प्रमाणिक, शंकर दास, दिनेश जाना, दिवाकर करवा उपस्थित थे।

## घाटशिला कॉलेज में मादक पदार्थों के खिलाफ आज से चलेगा जागरुकता अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जमशेदपुर।** मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ घाटशिला कॉलेज में 18 से 26 जून तक आठ दिवसीय विशेष जागरुकता अभियान चलाया जाएगा. यह अभियान झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। इसको लेकर प्राचार्य डॉ। आरके चौधरी ने आठ दिनों तक चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर अधिसूचित भी कर दिया है। प्राचार्य ने बताया कि नशा समाज और देश के लिए घातक है। इस अभियान के माध्यम से मादक पदार्थ के प्रति युवा पीढ़ी को जागरूक करना मुख्य उद्देश्य है। भारतीय युवा पीढ़ी में




मादक पदार्थों का सेवन एक गंभीर समस्या का रूप धारण करती जा रही है। युवा वर्ग गांजा, चरस, हीरोइन, कोकिन, अफीम, अल्कोहल आदि मादक पदार्थ का सेवन करने लगे हैं। इसके गंभीर दुष्परिणाम उन्हें भुगतना पड़ता है। उन्होंने बताया कि ऐसे नशीले पदार्थों के प्रति युवा पीढ़ी के भटकाव को रोकने के लिये घाटशिला महाविद्यालय में 18 जून से 26 जून तक विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंमित दिन विश्व नशा मुक्ति दिवस पर जागरुकता रैली निकाली जाएगी। इस विशेष कार्यक्रम के संयोजन का दायित्व एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट महेश्वर प्रमाणिक, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो इंदल पासवान व प्रो अर्चना सुरीन को दिया गया है।

## प्रभार पर कुकड़ू प्रखंड कार्यालय, ना कोई पदाधिकारी, ना सुपरवाइजर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां जिले का कुकड़ू प्रखंड प्रभार पर चल रहा है। इस प्रखंड में ना प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) की पदस्थापना है और ना अंचल अधिकारी (सीओ) की। प्रखंड कार्यालय का सभी प्रमुख पद प्रभार पर चल रहा है। ऐसे में सरकार के जनहित के कार्यों को धरातल पर उतार कर जनता तक पहुंचाने का काम नहीं हो पा रहा है। इस वर्ष जनवरी से ईचागढ़ प्रखंड में पदस्थापित प्रखंड विकास पदाधिकारी व अंचल अधिकारी कुकड़ू प्रखंड के अतिरिक्त प्रभार में हैं। प्रतिनियुक्त पदाधिकारी रहने के कारण प्रखंड स्तरीय सरकार की जनकल्याण विकास मूलक योजनाओं की सुचारू रूप से क्रियान्वयन, निष्पादन व समीक्षा नहीं हो पा रही है। वहीं आम जनता को प्रतिदिन कई महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर कार्यालय आना पड़ता है। पदाधिकारी नहीं रहने के कारण उनके कार्यों पर अनुकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके कारण आम जनता में रोष देखी जा रही है। अति पिछड़ा प्रखंड होने के कारण इसे आकांक्षी प्रखंड के रूप में चिन्हित किया गया है। कुकड़ू प्रखंड बने 14 साल बीत गए हैं। वर्ष 2009 में ईचागढ़ के पांच और नीमडीह के चार पंचायतों को मिलाकर कुकड़ू को नया प्रखंड के रूप में सृजन किया गया था।

# राज्य को संवारने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : चम्पाई सोरेन

**मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणा**

- 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को आर्थिक सहयोग करेगी सरकार, किसानों के दो लाख रुपये तक का लोन होगा माफ
- मुख्यमंत्री ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त देने का दिया तोहफा




**मुख्यमंत्री ने कहा**

- अगले तीन महीने के अंदर लगभग 40 हजार युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी
- मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में 152 करोड़ 76 लाख 71 हजार रुपये की लागतवाली 182 योजनाओं का किया उद्घाटन शिलान्यास, 03 लाख 41 हजार 759 लाभुकों के बीच बांटी 68 करोड 96 लाख 67 हजार रुपये की परिसम्पत्ति
- आदिवासी, दलित, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, पिछड़े, दिव्यांग महिला और युवा समेत हर वर्ग और तबके के उत्थान के लिए हो रहा कार्य
- हम सभी के सहयोग और भागीदारी से राज्य को दे रहे नयी दिशा और दिशा
- राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का होगा संरक्षण और सौंदर्यीकरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को अब 200 यूनिट बिजली मुफ्त मिलेगी। वहीं, 25 वर्ष से ज्यादा और 50 वर्ष से कम आयु की सभी बहनों और माताओं को सरकार आर्थिक सहयोग करेगी। इसके साथ किसानों के दो लाख रुपये तक का लोन माफ किया जायेगा। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने रविवार को जमशेदपुर के मानगो स्थित गांधी मैदान में योजनाओं के उद्घाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति वितरण समारोह में इसकी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा तीन महीने के अंदर लगभग 40 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जायेगी। इस बाबत नियुक्ति प्रक्रियाओं को तेज गति के साथ पूरा करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दे दिये गये हैं।

**विकास को एक बार फिर गति देने का अभियान शुरू**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद एक बार फिर विकास को गति देने का अभियान शुरू हो चुका है। राज्यवासियों को कई नयी योजनाओं की सौगात मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के साढ़े चार वर्ष हो चुके हैं। इसमें दो वर्ष कोरोना से निपटने में लग गया। लेकिन, इस दौरान हेमन्त सोरेन जी के नेतृत्व में सरकार ने विकास का जो नया आयाम लिखा, वह इस राज्य के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। हमारी सरकार उसी राह पर चल कर राज्य को संवार रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी, दलित, किसान, मजदूर, अल्पसंख्यक, पिछड़े, दिव्यांग महिला और युवा समेत हर वर्ग और तबके के उत्थान, विकास और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

**राज्य के हर व्यक्ति को साथ लेकर बढ़ रहे हैं आगे**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमारी सरकार हर व्यक्ति और परिवार को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। हम सभी के सहयोग और भागीदारी से राज्य को नयी दिशा देने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जंगल-झाड़, पठार और नदियों की तलहटी और रिमोट एरियाज में रहनेवाले गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकार की योजनाएं पहुंची है। हम इस सोच के साथ काम कर रहे हैं कि सरकार की योजनाओं से कोई भी वंचित नहीं रहे। यही वजह है कि ₹आपकी सरकार, आपके द्वार, आपके अधिकार, कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारी आपके घरों तक पहुंचे और आपकी समस्याओं का समाधान करने के साथ सरकार की योजनाओं का लाभ दिया। यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा।

**राज्य में स्थित निजी प्रतिष्ठानों और फैक्ट्री में 75 प्रतिशत स्थानीय को नौकरी दिलाने के लिए चलेगा अभियान**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के अंदर स्थित प्रतिष्ठानों और फैक्ट्री में 75% नौकरी स्थानीय को देने का कानून बनाया है। इस कानून का अनिवार्य रूप से पालन होगा। इसके लिए निजी कम्पनियों में स्थानीय को नौकरी दिलाने के लिए अभियान चलाया जायेगा।

**शिक्षा का ऐसा दीया जलाना है, जो कभी बूझे नहीं**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर व्यक्ति को शिक्षित करने की सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम शिक्षा का ऐसा दीया जलायेंगे, जो कभी बूझेगा नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए सरकार की कई योजनाएं हैं। आज निजी विद्यालयों की तर्ज पर सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गये हैं। छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है। गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को 15 लाख रुपये तक का शिक्षा लोन मिल रहा है। विदेशों में पढ़ाई के लिए भी सरकार पूरा खर्च वहन कर रही है। इसके अलावा भी कई ऐसी योजनाएं हैं, जो बच्चों के भविष्य को नयी उड़ान दे रही हैं।

**सरकारी विद्यालयों में जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई अगले माह से हो जायेगी शुरू**

**राज्य** के सभी सरकारी विद्यालयों में अगले माह से जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू कर दी जायेगी। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि इसके लिए जनजातीय शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी कर ली जायेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी धार्मिक स्थलों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

**किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अन्नदाताओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हर खेत में पानी पहुंचाने के लिए सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। किसानों के हित में कई योजनाएं चल रही हैं। अब किसानों के दो लाख रुपये तक के लोन को माफ करने का सरकार ने निर्णय लिया है ।

**इन योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में कुल 152 करोड़ 76 लाख 71 हजार रुपये की लागतवाली 182 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया। इनमें 37 करोड़ 96 लाख 55 हजार रुपए की 112 योजनाओं का उद्घाटन तथा 114 करोड़ 80 लाख 16 हजार रुपये की 71 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। वहीं, मुख्यमंत्री ने 03 लाख 41 हजार 759 लाभुकों के बीव 68 करोड 96 लाख 67 हजार रुपये की परिसम्पत्तियां बांटीं। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री दीपक बिरुवा, विधायक रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्लाह खान, झारखंड गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरि, पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त और वरीय पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे।

# शेखपुरा में छत पर सोई थी मर्डर केस में जेल में पिता चाचा बोले-बदले के लिए मारा


**शेखपुरा।** में 8 साल की बच्ची की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बच्ची को कनपट्टी में गोली मारी गई है। बताया जा रहा है कि पुराने मर्डर केस की बदले की भावना से उसकी जान ली गई है। मृतका के चाचा दीपू यादव ने भतीजी की हत्या के लिए गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाया है। फिलहाल सभी फरार हैं। वारदात सदर प्रखंड अंतर्गत कोसुंभा थाना क्षेत्र के कोसुंभा बगैया गांव में हुई है। मृतक बच्ची की पहचान रामाशीष यादव की बेटी सुधा कुमारी के रूप में हुई है। घटना के समय बच्ची छत पर सो रही थी। उसके पिता गांव में ही





साल भर पहले हुई एक हत्या के मामले में जेल में बंद हैं। इधर, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। बच्ची की हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। बच्ची के चाचा ने जिन लोगों पर आरोप लगाए हैं। उनमें गांव के ही कुंदन यादव, सुलो यादव, शिव बालक यादव, चंदन कुमार, राजकुमार,चांदो यादव का नाम शामिल है। चाचा ने बताया कि सालभर पहले सूलो यादव के भाई की हत्या कर दी गई थी। उसके परिवार वालों को शक है कि हमारे परिवार के लोगों ने ही उसकी हत्या की थी। इसी का बदला लेने के लिए उन लोगों ने देर रात एक बजे घर की छत पर सो रही बच्ची के कनपटी में पिस्टल सटा कर गोली मार दी। पुलिस उनकी तलाश में जुटी हैं। थाना अध्यक्ष सह पुलिस सब इंस्पेक्टर अमरेश कुमार सिंह ने बताया कि बच्ची के परिवार वाले गांव के सूलो यादव यादव सहित अन्य के ऊपर पुरानी दुश्मनी में हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। वर्चस्व की लड़ाई में गांव में कई लोगों की अब तक हत्या हो चुकी है। पुलिस इस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## पति-पत्नी के विवाद के बीच आए दो चचेरे भाई वारदात के बाद दोनों मौके से फरार



**समस्तीपुर।** में दो चचेरे भाइयों ने मिलकर भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद दोनों आरोपी फरार हैं। मृतक की पहचान दीनेश सदा के रूप में हुई है। जिसे नशे की लत थी। रविवार रात वो नशा करके घर आया था। किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से झगड़ने लगा। इसी बीच दो चचेरे भाई राजेश और मनोज सदा पहुंच गए। दोनों ने दीनेश की इतनी पिटाई की कि उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। घटना विद्यापति नगर थाना क्षेत्र के बढ़ौना गांव की है। मृतक दीनेश के भाई राहुल सदा ने कहा कि इससे पहले 14 जून को भी भाई और भाभी के बीच खाने-पीने को लेकर विवाद हुआ था। उस वक्त दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। पारिवारिक मामला होने के कारण परिवार में निपटा लिया गया। अब दोबारा 16 जून की रात भाई नशे की हालत में घर आया और पत्नी से विवाद करने लगा। दिनेश की मौत की सूचना गांव के लोगों ने विद्यापति नगर थाने की पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची विद्यापति नगर थाने की पुलिस ने शव को जब्त कर लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा और रात में ही युवक के शव का पोस्टमॉर्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक दिनेश सदा के भाई राहुल सदा के बयान पर राजेश और मनोज सदा को आरोपी बनाया गया है। हालांकि घटना के बाद दोनों घर से फरार हो गया है। विद्यापति नगर थाना अध्यक्ष फिरोज आलम ने बताया कि दोनों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## छावनी इलाके में पहुंचा साइबेरियन क्रेन का झुंड

**पटना।** के दानापुर में प्रवासी पक्षी साइबेरियन क्रेन का आना शुरू हो गया है। साइबेरियन क्रेन को मानसून का सूचक भी कहा जाता है। आर्मी क्षेत्र में इन पक्षियों के आने से लोगों को अच्छी बारिश की संभावना रहती है। ये पक्षी मानसून आने से पहले यहां आ जाते है। इसके बाद ठंड का मौसम समाप्त होने पर यहां से चले जाते है। साइबेरियन क्रेन के छावनी क्षेत्र में पहुंचने के साथ ही दानापुर पक्षी विहार में तब्दील हो गया है। पिछले कुछ दिनों से जांघिल का आना शुरू हो गया है। छावनी परिसर के



वृक्षों पर जांघिल घोंसले बनाने में जुट गए हैं। प्रत्येक साल मई के अंत में प्रवासी पक्षी जांघिल छावनी क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। इस बार भीषण गर्मी में जून के दूसरे सप्ताह के बाद जांघिल घोंसला बना रहे हैं। सफेद और काले रंग के प्रवासी पक्षी देखने में काफी खूबसूरत होते हैं। इनका वजन दो से तीन किलो तक होता है। जांघिल का भोजन छोटी-छोटी मछलियां और पानी में रहने वाले कीडे-मकोडे होते है। जांघिल का यहां आना कब से शुरू हुआ। इसका कोई ठोस प्रमाण लोगों और सैन्य अधिकारियों के पास नही है। जांघिल मानसून में प्रत्येक वर्ष यहां आते हैं। प्रवास के दौरान यहां अंडे देते हैं। हजारों किमी दूरी तय कर पहुंचते हैं। वे शोर से भयभीत रहते हैं। समूह में भोजन के लिए उड़ते हैं। पक्षी विशेषज्ञों का मानना है कि इन्हें ओपन बिल स्टॉर्क के नाम से जाना जाता है। सब एरिया क्षेत्र के वृक्षों पर अपने आपको सुरक्षित महससू करती है। साइबेरियन क्रेन 1963 से 1971 तक आर्मी का प्रतीक चिह्न रहा है। इन पक्षियों के आगमन से जहां पूरा दानापुर छावनी क्षेत्र गुलजार हो गया है, वहीं मानसून के आने की दस्तक से लोग काफी खुश हैं। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि इस बार प्रचंड गर्मी के कारण जून के दूसरे सप्ताह के बाद दो-तीन पेड़ों पर घोंसले बनाए हुए नजर आ रहे हैं।

## हाजीपुर में जमकर चले लाठी-डंडे दोनों पक्ष से एक दर्जन लोग घायल

**वैशाली।** के सोनपुर थाना क्षेत्र के गोविंद चक्र गांव में पूर्व के केस उठाने और घर बनाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट में एक दर्जन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान मौके पर अपना तफरी का माहौल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर आसपास के लोग जुट गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायल को आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल सोनपुर भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर



इलाज के लिए सभी घायल को सदर अस्पताल हाजीपुर रेफर कर दिया। सभी घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सुमन देवी और सविता देवी को पीएमसीएच रेफर कर दिया। मारपीट में एक पक्ष के गोलू कुमार, सविता देवी, पचिया कुंवर, सुमन कुमार, सचिन कुमार, एवं सिमपी देवी घायल है। जबकि दूसरे पक्ष के लालबाबू पासवान, पंकज कुमार, गोलू पासवान, धर्मेंद्र पासवान, सुमन पासवान, नीतू देवी, सुधीर पासवान घायल हैं। घायल के अनुसार करीब आठ साल पहले लालबाबू पासवान और गोलू कुमार के बीच होली के मौके पर रंग लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। मारपीट के दौरान बदमाशों ने एक महिला का आंख फोड़ दिया था। इसी बात को लेकर प्राथमिकी कराई गई थी। केस उठाने एवं घर बनाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। विवाद धीरे-धीरे बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले जिसमें एक दर्जन से अधिक व्यक्ति घायल हो गया। और मारपीट के दौरान हरेंद्र पासवान ने लोहा के राड से आंख फोड़ दिया था। उसी बात को लेकर थाना में के दर्ज कराई गई थी।

## सुपौल के ईदगाह मैदान में गले लग बकरीद की दी शुभकामनाएं घर पर दावत का आयोजन

**सुपौल।** के जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न हिस्सों में सोमवार को ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है। पर्व को लेकर मुस्लिम धर्म लंबियां में सुबह से ही उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। वही बकरीद पर्व की वजह से बाजार के चहल- पहल में कमी रहने की उम्मीद है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन रविवार को ही सुपौल स्थित अपने पैतृक घर पहुंचे थे। सोमवार की सुबह उन्होंने भी



परिवार सहित शहर ईदगाह मैदान पहुंचकर बकरीद की नमाज अदा की। इसके बाद उन्होंने आसपास मौजूद लोगो को भी ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। शाहनवाज ने कहा कि बकरीद कुबार्नी का पर्व है और इस मौके पर वह तमाम देश वासियों के लिए अमन और चैन की कामना करते हैं। उन्होंने लोगों को बकरीद की शुभकामनाएं दी। खास बात यह रही कि शाहनवाज आम लोगों के बीच ही मैदान के बीच वाले कतार में नमाज में शामिल हुए। उनके घर पर आज दावत का आयोजन किया गया है। बड़ी संख्या में आम और खास लोग भी आमंत्रित किए गए हैं। इधर पर्व के मद्देनजर जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस नजर आ रही है। जगह-जगह पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुबह 8:20 तक जिले में कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## राहुल के ब्लैक बॉक्स वाले बयान पर प्रतिक्रिया कहा- ये लोग विदेश जाकर देश को गाली देते



**बेगूसराय।** में बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ईवीएम को ब्लैक बॉक्स कहे जाने पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि वह खुद ब्लैक स्पॉट हैं। कांग्रेस एक ब्लैक स्पॉट बन गया है। इसलिए कह रहा हूं कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता विदेश में जाकर देश को गाली देते हैं। चुनाव के प्रारंभ से ही देश के लोकतंत्र को गाली देते और बदनाम करने की कोशिश करते हैं। जबकि दुनिया में सबसे पुराना हमारे भारत का लोकतंत्र है। उसे सम्मान देने के बदले कांग्रेस के नेताओं ने अपमानित करने का काम किया है। कांग्रेस दुनिया में भारत के ऊपर एक ब्लैक स्पॉट बन गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने कहा था कि भारत में ईवीएम एक ब्लैक बॉक्स है। और धोखाधड़ी का शिकार हो जाता है। इसी को लेकर आज गिरिराज सिंह ने तंज कसा है।

## संक्षिप्त डायरी

### 12 जिलों में रेड अलर्ट, पटना-गया में 19 जून तक बंद रहेंगे स्कूल




**बिहार।** में बीते 24 घंटे में लू और हीटवेव से 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें अरवल में 5, जहानाबाद में 3 की लू की चपेट में आने से जान चली गई। इसके अलावा कैमूर में रिटायर्ड आर्मी जवान, भोजपुर में पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव निवासी शिव भजन नट (54) और कैमूर के चैनपुर थाना क्षेत्र के मसोई गांव के स्वर्गीय विक्रमा बिंद के बेटे चूलई बिंद (80 साल) की लू से मौत हो गई। हीटवेव को लेकर पटना में 19 जून तक स्कूल बंद रहेंगे। आठवीं तक के शिक्षण कार्य पर पाबंदी लगाई गई है। हालांकि, शिक्षकों को स्कूल आना होगा। इस संबंध में पटना के डीएम की ओर से आदेश जारी किया गया है। वहीं, गया में भी भीषण गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी डॉ.त्यागराजन एसएम ने 1 से 8 तक के क्लास को 19 जून तक बंद कर दिया है। साथ ही सभी कोचिंग संस्थानों को भी लू के बढ़ते प्रभाव को लेकर बंद रखने का निर्देश दिया है। मौसम विभाग ने आज बिहार के 12 जिलों भीषण लू का अलर्ट जारी किया है। इनमें पटना, नालंदा, गया, औरंगाबाद, रोहतास, शेखपुरा, नवादा, कैमूर, बक्सर, छपरा, अरवल और भोजपुर शामिल है। वहीं, सीवन, बेगूसराय समेत अन्य जिलों में हीटवेव का पूवार्नुमान है। बीते 24 घंटे में लगातार 5वें दिन रविवार को बक्सर जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2 दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र फिर कमजोर पड़ गया है। इसके कारण मानसून की बारिश दो से तीन देरी से शुरू होगी। राज्य के 9 जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। इसमें पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, मधुबनी, सीतामढ़ी, किशनगंज, पूर्णिया, सुपौल, अररिया और कटिहार में हल्की बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40-50 किमी प्रति घंटा रह सकती है। रविवार को पटना समेत प्रदेश के 17 शहर भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहा। इसमें गया, बक्सर, भोजपुर, वैशाली, औरंगाबाद, नवादा, नालंदा, अरवल में भीषण गर्मी और छपरा, डेहरी, शेखपुरा, गोपालगंज, जमुई, बिक्रमगंज, मुंगेर लू की चपेट में रहा। 18 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम हिस्से गया, पटना, नालंदा और जहानाबाद के कुछ स्थानों में लू की संभावना है। उत्तरी हिस्सों के जिलों में एक या दो स्थानों पर बारिश और वज्रपात हो सकती है। 19 जून को राज्य के गया, पटना नालंदा और जहानाबाद के कुछ स्थानों में लू चलेगी। राज्य के उत्तरी हिस्से के जिलों के एक या दो स्थानों पर बारिश, वज्रपात और तेज हवा (40-50 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है। 20 जून को पूरे राज्य के सभी जिलों में एक या दो स्थानों पर बारिश, वज्रपात और तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) चलने की संभावना है।

### जहानाबाद में परिवार बोला-3 दिन पहले उसका विवाद हुआ था बेटे को मारकर फेंक दिया

**जहानाबाद।** में रविवार को बालू लदे एक ट्रक से एक व्यक्ति की लाश मिली है। बालू के अंदर उसकी बॉडी दबी हुई थी। दरअसल, नगर थाना क्षेत्र के घोसी मोड़ स्थित बलराम कॉलोनी में एक ट्रक से बालू अनलोड किया जा रहा था। इसी दौरान बालू के साथ एक व्यक्ति का शव निकलकर बाहर आ गया। शव मिलते ही वहां मौजूद लोग हैरान हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। ट्रक ड्राइवर मनोज कुमार ने पूछताछ में बताया कि अरवल से जेसीबी ने बालू लोड किया था। जिसके बाद हमलोग जहानाबाद आ रहे थे। बॉडी उसमें कैसे आई, मुझे नहीं पता। जहानाबाद में ट्रक से बालू उतारने के दौरान उससे लाश निकली। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। रविवार की देर रात शव की पहचान की गई। मृतक की पहचान 34 साल के विनोद चौधरी के रूप में हुई है। वह अरवल के बैदराबाद का निवासी है। विनोद के पिता बृज चौधरी का कहना है कि मेरा बेटा नदी के घाट पर मजदूरी करता था। 11 तारीख से ही बालू घाट पर मजदूरों के बीच विवाद चल रहा था। 14 जून की रात वो अपने घर से खाना खाकर काम करने घाट पर गया, लेकिन जब 15 तारीख को सुबह तक नहीं लौटा तो हम लोगों को अनहोनी आशंका होने लगी। पिता ने बताया कि हम लोग काफी खोजबीन करने लगे, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसकी लिखित शिकायत स्थानीय थाना में की। फिर जहानाबाद से यह सूचना मिली कि अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। हम लोग सभी परिवार के साथ जहानाबाद पहुंचे तो बेटे की बॉडी की पहचान की। पिता का कहना है कि नदी के घाट पर कमाने को लेकर हुए विवाद में इसकी हत्या कर दी गई है। नगर थाने के पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम कराकर उसके परिवार जनों को सौंप दिया है। एसडीपीओ राजीव कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि ट्रक ड्राइवर का बेगूसराय में चालान किया गया था। एसडीपीओ ने आशंका जाहिर की है कि ट्रक पर लदे बालू का चलान बेगूसराय का था तो उसे जहानाबाद अनलोड कैसे किया जा रहा था। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है।

## गोपालगंज में 2 की स्थिति गंभीर सभी पिपराकोठी से पैठानपट्टी जा रहे थे



**गोपालगंज।** के मांझागढ़ थाना क्षेत्र के कोईनी गांव के पास NH-27 पर यात्रियों से भरा ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार पांच लोग घायल हो गए जिन्हें स्थानीय लोगो के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों का इलाज चल रहा है। जख्मी लोगों में मांझागढ़ थाना क्षेत्र पठान पट्टी गांव निवासी बांके सिंह के बेटा मनीष कुमार सिंह, भुवन सिंह, कमला मिश्रा के बेटा राजकिशोर मिश्रा, केशव तिवारी के बेटा विकेश तिवारी और राजकिशोर मिश्रा के बेटा जीतेश मिश्रा शामिल हैं। बताया जाता है कि ऑटो सवार सभी घायल ऑटो में सवार होकर पिपराकोठी से अपने गांव पैठानपट्टी जा रहे थे। इसी बीच जैसे ही कोइनी स्थित लाइन होटल के पास पहुंचे ही थे की तभी ऑटो का पहिया ब्लास्ट हो गया। पहिया ब्लास्ट होने के कारण यात्रियों से भारी ऑटो सड़क किनारे पलट गई, जिसमें सवार करीब पांच लोग घायल हो गए फिलहाल सभी घायलों को स्थानीय लोगों के मदद से ' इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सभी घायलों का। इलाज डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है। वहीं दो लोगों की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## पटना में 2 लोगों का शव मिला 2 अब भी लापता

**पटना।** के बाढ़ स्थित उमानाथ घाट पर नाव डूबने से लापता 4 लोगों में से 2 का शव मिला है। शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। रविवार को गंगा नदी की बीच धार में 18 लोगों से भरी नाव डूब गई थी। इस हादसे में एक ही परिवार के चार लोग लापता थे। जिनमें से सोमवार सुबह दो लाशें मिली हैं। एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को तलाशने के लिए कुल 7 वोट को लगाए गए हैं। जिसमें एनडीआरएफ के तीन और एसडीआरएफ के चार वोट शामिल हैं। ये सभी नालंदा के रहनेवाले हैं। चार लोगों में अस्थावां थाना क्षेत्र के मालती गांव निवासी ठल्अक के रिटायर्ड क्षेत्रीय अधिकारी अवधेश कुमार सिन्हा (61), उनके बहनोई कतरीसराय थाना क्षेत्र के कमलबिगहा निवासी



हरदेव प्रसाद (62), भांजा नीतीश कुमार (27) और मालती गांव निवासी स्व.विजय प्रसाद की पत्नी मंजू देवी (भाभी) शामिल है। अवधेश प्रसाद सिन्हा की मां की 13वीं के बाद परिवार के लोग शुद्धिकरण के लिए बाढ़ के उमानाथ घाट गए थे। जहां नाव से गंगा के दियारा की तरफ स्नान के लिए चले गए। परिजन ने बताया कि जाते वक्त नाविक ने दो फेरे लगाए थे। जबकि दियारा से आने वक्त एक बच्चा समेत 18 लोग नाव पर सवार हो गए। नाव के अंदर पानी भर रहा था। बीच धार में आकर नाविक ने इंजन बंद कर दिया इसके बाद देखते ही देखते नाव नदी में समा गई। दियारा के तरफ से गोताखोर आए और 18 लोगों में से 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। इधर सीएम नीतीश कुमार ने लापता लोगों की खोज के लिए सघन सर्च अभियान चलाने का निर्देश दिया है। सीएम ने पटना डीएम को निर्देश देते हुए कहा है कि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की सहायता से लापता लोगों की जल्द खोज की जाए। अवधेश कुमार सिन्हा 29 फरवरी को क्षेत्रीय अधिकारी के पद से रिटायर हुए वर्तमान में निजी कंपनी में कार्यरत है। जबकि उनके बहनोई हरदेव प्रसाद आर्मी से रिटायर हुए हैं। उनका भांजा नीतीश कुमार हाजीपुर में एक निजी सड़क निर्माण कंपनी में काम करता हैं। डेढ़ साल पहले ही नीतीश की शादी हुई है। अवधेश कुमार सिन्हा तीन भाइयों में सबसे छोटे हैं। उनकी तीन बेटियां हैं जिनमें से किसी की भी शादी अभी तक नहीं हुई। बड़ी बेटी सिमरन कुमारी फैशन डिजाइनर है। जिसका खुद का स्पोर्ट कारोबार है। जिसमें करीब 100 लोग कार्यरत हैं। जबकि मंजरी बेटी नीतू कुमारी इंजीनियरिंग करने के बाद जॉब कर रही है। वहीं, छोटी बेटी श्यामा कुमारी डॉक्टरी की पढ़ाई पूरी करने के उपरांत दिल्ली में एक अस्पताल में अपनी सेवा दे रही है। अवधेश कुमार सिन्हा की पत्नी का भी बुरा हाल और उन्हें बाढ़ के एनटीपीसी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिता के नदी में लापता होने की सूचना पर बेटियां घर लौट रही हैं। अवधेश कुमार सिन्हा के बड़े भाई धनबाद में एक अस्पताल में कार्यरत थे जो रिटायर कर चुके हैं। वहीं, मंझीले भाई धनबाद झरिया में कोल फील्ड में थे वह भी रिटायर कर चुके हैं। गांव के बड़े अधिकारी के नदी में लापता हो जाने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली तो गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया वहीं अवधेश कुमार सिंह के घर के पास चीख पुकार परिजनों की गूंज रही है। ग्रामीण परिवार वालों को सांत्वना देने में जुटे हुए हैं। भोजपुर के चार दोस्त रविवार को गंगा में स्थान करने के दौरान डूब गए थे। गंगा दशहरा के मौके पर सभी घाट पर गए थे। इनकी लाश सोमवार की सुबह घाट से 100 मीटर की दूरी पर मिलीं हैं। NDRF, SDRF और गोताखोरों की मदद से चारों शव को एक-एक कर बरामद किया गया। घटना यूपी के बलिया जिला डोकटी थाना क्षेत्र के शिवपुर घाट पर हुई थी। मरने वाले सभी 18 से 21 साल के थे।

## एक झलक

### यूक्रेन का दावा : रूस ने तेज किए सैन्य हमले

**कीव :** रुस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के बीच यूक्रेन ने दावा करते हुए कहा कि जब स्विट्जरलैंड में शांति सम्मेलन चल रहा था तो रूस ने यूक्रेन पर अपने सैन्य हमले तेज कर दिए। शांति सम्मेलन रविवार को समाप्त हो गया। यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने रविवार शाम अपनी रिपोर्ट में कहा, पूरे दिन रूस ने यूक्रेन पर तेज हमला जारी रखा, हमारे डिफेन्स में सेंध लगाने की कोशिश की और हमारी इकाइयों को हमारे ठिकानों से हटाने की कोशिश करता रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि 25 हमलों को विफल कर दिया गया लेकिन 11 अभी भी जारी हैं। इसमें कहा गया है कि रूसी सेना आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है, खासकर पोक्रोवस्क शहर के पास।

### गाजा में युद्ध रोकने का अमेरिका ने दिया सुझाव

**वॉशिंगटन :** इजरायल और गाजा के बीच चल रहे युद्ध को रोकने के लिए जारी प्रयासों के बीच अमेरिका ने शांति का सुझाव दिया है। अमेरिका राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल और गाजा के युद्ध को देखते हुए अपने मुस्लमानों को देने वाले संदेश का इस्तेमाल किया ।जो बाइडेन ने मुसलमानों को ईद अल-अधा संदेश दिया। उन्होंने कहा, यह हमास और इजरायल के बीच युद्ध की भयावहता से पीड़ित नागरिकों की मदद करने का युद्धविराम समझौते सबसे अच्छा तरीका था।

### पाकिस्तान में सड़क हादसा, पांच की मौत

**इस्लामबाद :** पाकिस्तान में आज सवेरे हुए सड़क हादसे में पांच पुलिस कर्मचारियों की जान चली गई। यह हादसा बलूचिस्तान के लासबेला के पास क्वेटा-कराची राजमार्ग पर हुआ। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एक कार ने पुलिस वैन को टक्कर मार दी। इससे पुलिस वैन पलट गई। हादसे में पांच पुलिसकर्मियों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। लासबेला के एसएसपी कैप्टन (रिटायर्ड) नवीद आलम के अनुसार, दुर्घटना उथल पुलिस स्टेशन क्षेत्र में हुई। तीन पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घायलों को शुरूआत में उथल जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया। मारे गए पुलिसकर्मियों के शवों को उनके गृहनगर भेज दिया गया है। पुलिस वैन को टक्कर मारने वाली अज्ञात कार की तलाश की जा रही है।

# कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ व किसान उसकी आत्मा : शिवराज

■ केंद्रीय कृषि मंत्री ने सलकनपुर धाम पहुंचकर की माता विजयासन की पूजा

एजेंसी

**सीहोर :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सोमवार को अपनी धर्मपत्नी साधना सिंह और पुत्र कार्तिकेय सिंह चौहान के साथ विजयासन देवी धाम सलकनपुर पहुंचे। उन्होंने यहां माता विजयासन की पूजा-अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का निर्माण हो। भारत के विकास में कृषि का विशेष स्थान है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उसकी आत्मा किसान है।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने ने कहा कि कृषि के विकास और किसानों के कल्याण के लिए सतत काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में खेती के विकास और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ने का काम किया जाएगा। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान



ने कहा कि 18 जून को प्रधानमंत्री मोदी काशी में आयोजित कार्यक्रम में देश के किसानों के खाते में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये किसान सम्मान निधि की राशि अंतरित करेंगे। उन्होंने कहा कि खेती का तेजी से विकास हो और किसान आगे बढ़े, इसके लिए 100 दिन की कार्य योजना बनाई है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास भी सरकार की प्राथमिकता है और पहली कैबिनेट बैठक में ही प्रधानमंत्री मोदी ने तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण क्षेत्रों में बनाने का निर्णय लिया, ताकि गरीबों का खुद के पक्के मकान का सपना पूरा हो सके। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव, जिला भाजपा अध्यक्ष रवि मालवीय तथा सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने जम्मू संभाग में सुरक्षा स्थितियों का जायजा लिया

एजेंसी

**जम्मू :** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को जम्मू के नगरोटा स्थित 16 कोर मुख्यालय में क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति और सुरक्षा बलों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्हें उत्तरी सेना कमांडर और जनरल ऑफिसर कमांडिंग (जीओसी) सहित सेना के शीर्ष कमांडरों ने जानकारी दी गई।

जम्मू संभाग में बढ़ते आतंकवाद से मजबूती से निपटने की रणनीति तैयार करने के लिए विभिन्न स्तरों पर सुरक्षा समीक्षा बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई है। इससे पहले सीडीएस ने श्रीनगर में सेना के चिनार कोर मुख्यालय में सशस्त्र बल के अधिकारियों को संबोधित करके भारतीय सशस्त्र बलों में हो रहे बदलाव और उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना की



■ सेना के चिनार कोर मुख्यालय में सशस्त्र बलों में हो रहे बदलाव और उपलब्धियों को रेखांकित किया

विभिन्न संरचनाओं और इकाइयों के व्यावसायिकता के उच्च मानकों की सराहना की।

जनरल चौहान का यह दौरा रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की बैठक में सुरक्षा स्थिति और वार्षिक अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करने के तुरंत बाद हुआ है। दरअसल, पिछले सप्ताह चार दिनों के भीतर जम्मू और कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों ने हमला किया। इन वारदातों में नौ तीर्थयात्री मारे गए और एक सीआरपीएफ जवान बलिदान हुआ और सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए।

# आतंकवादियों के मददगारों का भी पता चलना चाहिए : एसपी वैद

**नयी दिल्ली :** जम्मू-कश्मीर के रियासी में हाल ही में हुए आतंकी हमले की जांच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपे जाने की जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसपी वैद ने सराहना की है। आज सोमवार (17 जून) को मीडिया को दिए गए एक बयान में उन्होंने उम्मीद भी जताई कि अब मामले की जांच विस्तार से होगी। इसमें आतंकी हमला करने वाले मददगारों का भी पता चलना चाहिए।





एनआईए द्वारा जम्मू-कश्मीर पुलिस से रियासी आतंकी हमले का मामला अपने हाथ में लेने पर जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक एसपी वैद ने कहा इस घटना की जांच एनआईए को सौंपा जाना एक अच्छा कदम है। उन्होंने कहा कि एनआईए विस्तार से जांच कर पता लगाएगी कि इसके लिए कौन जिम्मेदार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर आतंकवादी पाकिस्तान से हैं तो उन्हें मार गिराया जाएगा, सुरक्षा बल उन्हें नहीं छोड़ेंगे।

वैद ने यह भी कहा कि जांच में यह भी पता चलना चाहिए कि इन आतंकवादियों की मदद किसने की है। इसके पहले जम्मू-कश्मीर में रियासी हमले को उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया था। इस घटना में नौ यात्रियों की मौत हुई थी और 33 लोग घायल हुए थे।

## सऊदी अरब में 14 हज यात्रियों की मौत

**काहिरा :** सऊदी अरब में चिलमिलाती गर्मी हज यात्रियों के लिए चुनौती साबित हो रही है। हज के दौरान पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया है। इससे खासतौर पर बुजुर्गों के लिए मुश्किलें बढ़ गई है। मक्का में भीषण गर्मी के कारण 6 लोगों की मौत हो चुकी है। ताजा जानकारी के अनुसार, हज यात्रा के दौरान 14 जॉर्डनियों की मौत हो गई है और 17 अन्य लापता हैं।

इसकी जानकारी जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में दी है। इससे पहले जॉर्डन में विदेश मामलों और प्रवासियों के मंत्रालय ने पहले माउंट अराफात पर हीट स्ट्रोक के कारण छह जॉर्डन नागरिकों की मौत की पुष्टि की थी।

# मुंबई के 60 अस्पतालों में बम विस्फोट की धमकी

एजेंसी

**मुंबई :** मुंबई से सटे मीरा रोड के वोकार्ड अस्पताल सहित मुंबई के 60 अस्पतालों में बम विस्फोट की धमकी मिलने के बाद पुलिस सतर्क हो गई है। मुंबई और मीरा भाईंदर पुलिस की टीम इन अस्पतालों की गहन छानबीन कर रही है, लेकिन अभी किसी भी अस्पताल में बम जैसी कोई भी विस्फोटक नहीं मिला है।

अस्पतालों को मिली धमकी से मरीजों सहित आम नागरिकों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार को सुबह 9.30 से 10 बजे के करीब मीरा रोड के वॉकर्ड हॉस्पिटल को



एक धमकी भरा ई-मेल मिला। इसके बाद मुंबई के बड़े और प्रतिष्ठित 60 अस्पतालों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। धमकी भरे ई-मेल में अस्पताल में विस्फोट होने की धमकी दी गई है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस डॉग टीम के साथ इन अस्पतालों में पहुंच गई है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# दिल्ली में जलसंकट बनता जा रहा विवादों की जड़





एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में पानी का संकट अभी बरकरार है, दिल्ली में भीषण गर्मी के बीच यह और भी बढ़ गया है। पानी की कमी से परेशान लोग हिंसा पर उतारू हो चुके हैं। द्वारका में आम नल से पानी भरने को लेकर हुए विवाद में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने सेक्टर 23, द्वारका में झगड़े को लेकर दो पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थीं और जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गई थी।

पुलिस ने बताया शुरू में हमें पता चला कि विवाद के कारण तीन लोग घायल हुए हैं और उन्हें इलाज के लिए इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया है। वहीं आप विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को एक पत्र सौंपा, जिसमें उनसे आग्रह किया गया कि वे सुनिश्चित करें कि हरियाणा दिल्ली को पानी की आपूर्ति करे और दिल्ली निवासियों को तत्काल राहत प्रदान करें। आप विधायक दिलीप पांडे ने कहा कि दिल्ली में पानी का संकट हर गुजरते पल के साथ गंभीर होता जा रहा है। भीषण गर्मी है और इस भीषण गर्मी में पानी ही जीवन है। भाजपा ने दिल्ली शहर में जल संकट को लेकर आम आदमी पार्टी के नेतृत्व वाली केजरीवाल सरकार के खिलाफ रविवार को मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पानी की कमी को लेकर शहर में 14 स्थानों पर विरोध प्रदर्शन किया।

## मॉक ड्रिल करके देखी गयी सुरक्षा-व्यवस्था

**जम्मू :** वार्षिक अमरनाथ यात्रा से पहले पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (क्यूआरटी) और विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने सोमवार को जम्मू में तीर्थयात्रा के आधार शिविर में व्यापक मॉक ड्रिल करके सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियों को परखा। दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर की 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को शुरू होगी और 19 अगस्त को समाप्त होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में सुरक्षा स्थिति और वार्षिक तीर्थयात्रा की तैयारियों की समीक्षा की थी। इसके दूसरे दिन आज पुलिस ने जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास आधार शिविर में एक व्यापक मॉक ड्रिल करके सुरक्षा-व्यवस्था की तैयारियों को परखा गया है।

# भुल भुलैया 3 की शूटिंग में व्यस्त है विद्या

एजेंसी

**मुंबई :** बालीवुड की मशहूर अदाकारा विद्या बालन अनीस बज्मी के निर्देशन में बनने जा रही फिल्म भुल भुलैया 3 की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म में वे एक बार फिर से मंजुलिका के किरदार में वापसी करने जा रही हैं। वह पहले पार्ट में 'मंजुलिका' बनी थीं और अब तीसरे पार्ट से फिर वापसी कर रही हैं। फिल्म की शूटिंग के बीच विद्या चंदू चैंपियन के प्रीमियर में पहुंचीं, जहां उनका लुक देख हर कोई दंग रह गया। विद्या अपने भांजे के साथ आई थीं। विद्या ने ब्लैक कलर की मिडी पहनी थी, जिसे ब्लैक हील्स के साथ स्टाइल किया था। पोनी टेल और गोल्डन हूप के साथ मिनिमल मेकअप में विद्या कहर बरपा रही थीं। विद्या का वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें लोग उनके फिगर को देख हैरान हैं। विद्या को देख हर कोई कह रहा है कि शायद उन्होंने वजन कम किया है। एक यूजर ने कहा, 'गॉर्जियस लग रहीं। लग रहा जैसे वह 20२ में हैं।' दूसरे ने कमेंट किया, 'उन्होंने कितनी अच्छी तरह से खुद को ट्रांसफॉर्म किया है।' तीसरे ने लिखा, 'वॉव विद्या बालन मेरी फेवरेट हैं। वह पहले से ज्यादा खूबसूरत और जवां लग रही हैं।' चौथे ने कहा, 'उन्होंने वजन कम किया है।' विद्या की पिछली फिल्म 'दो और दो प्यार' थी। विद्या को फिल्म इंडस्ट्री में करीब दो दशक हो चुके हैं। बता दें कि सिनेमाई परदे पर विद्या बालन ने अपने अभिनय से दर्शकों को अपना दीवाना बना रखा है।

## ट्रम्प की वापसी के डर

# विकसित देश डब्ल्यूटीओ समझौते पर कर रहे जल्दबाजी

एजेंसी

**जिनेवा :** विकसित देशों को डर सता रहा है कि डॉनल्ड ट्रंप इस साल नवंबर में अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए तो डब्ल्यूटीओ की गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं। भारत इन देशों के से किसी प्रयास का हिस्सा नहीं बनना चाहता है। जिनेवा में भारत के एक व्यापार राजनयिक ने नाम नहीं



छापने की शर्त पर बताया, ह्यअमेरिका, यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्विटजरलैंड, सिंगापुर, जापान और दक्षिण कोरिया ई-कॉमर्स और मछुआरों को सब्सिडी दिए जाने से जुड़े मसलों पर सहमति बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

भारत का कहना था कि मछुआरों को सब्सिडी पर कोई व्यापक समझौता समान परंतु विभेदित उत्तरदायित्व के सिद्धांतों (सीबीडीआर-आरसी) पर आधारित होना चाहिए। भारत का कहना है कि विकासशील देशों में मछुआरों को विशेष आर्थिक क्षेत्रों (उनके अधिकार वाले जल से 200 नॉटिकल मील तक) में मछली पकड़ने के लिए सब्सिडी की व्यवस्था जारी रहनी चाहिए। भारत का यह भी कहना रहा है कि इस सीमा से बाहर मछली पकड़ने के लिए विकसित देशों को अपने मछुआरों को अगले 25 वर्षों तक किसी प्रकार की सब्सिडी नहीं देनी चाहिए।

मगर फिलहाल हालात ऐसे नहीं दिख रहे हैं क्योंकि अब तक कोई दस्तावेज भी नहीं सौंपा गया है। इन देशों को लगता है कि अगर ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बने तो उनके कार्यकाल में डब्ल्यूटीओ कमजोर हो जाएगा। इस डर के कारण वे नवंबर से पहले किसी न किसी तरह सहमति कायम कर लेना चाहते हैं।' नवीनतम आंकड़ों एवं सर्वेक्षणों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने की दौड़ में ट्रंप मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन से आगे निकलते दिख रहे हैं।

शुक्रवार को जी-7 समूह के नेताओं ने इटली में सम्मेलन के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा कि वे डब्ल्यूटीओ में नियम आधारित, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष, समान एवं पारदर्शी बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली के प्रति कटिबद्ध हैं। बयान में कहा गया, हम ई-कॉमर्स पर पर संयुक्त वक्तव्य पहल की दिशा में काम करने का मजबूत इरादा रखते हैं।









# Father's Day पर बंटीं 600 से अधिक साड़ियां

father's day के शुभ अवसर पर वासुदेव चटर्जी स्मृति फाऊंडेशन की ओर से स्कॉट इंटरनेशनल स्कूल, हरमू रोड, किशोरगंज, रांची में लगभग 600 से जादा महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार सह सांसद रांची संजय सेठ उपस्थित थे। इस मौके पर भाजपा के ललित ओझा, संजय जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम वर्मा एवं अन्य गण्यमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष रजीब चटर्जी एवं निवर्तमान पार्षद ओमप्रकाश जी का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष संजय सहाय, पवन झा, संजीव सिंह, मिंटू सिंह, चंदन वर्मा, पप्पू गद्दी, अनिल सराफ, अश्विनी आनंद, शुभोजित डे, राज, शाकिब, पवन बरी, विक्की एवं फाउंडेशन के सभी कार्यकर्ता मौजूद थे।

